हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 242 देहरादून, मंगलवार, 21 मार्च, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



डीएम सोनिका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई, 104 शिकायतें आईं 3

# बिगड़ा मौसम, पहाड़ से मैदान तक बारिश ने बढ़ाई ठंड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तराखंड में बीते दो दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। पहाड़ी इलाकों में बारिश तो मैदान में ठंडी हवाएं चलने से ठंड बढ़ गई है। सोमवार को भी प्रदेश के अधिकांश इलाकों में दिन की शुरुआत बारिश के साथ हुई। वहीं, दोपहर बाद मसूरी में जमकर ओलावृष्टि हुई। उधर, मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि अगले 24 घंटे के दौरान देहरादून के साथ ही उत्तराखंड के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ ही ओलावृष्टि की आशंका है।

ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी भी हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा और बर्फबारी की संभावना है। देहरादून में अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।



## पछुवादून से लेकर जौनसार बावर में झमाझम बारिश

विकासनगर। पछुवादून से लेकर जौनसार बावर में सोमवार को झमाझम बारिश हुई। चकराता क्षेत्र में बारिश होने का सिलसिला लगातार जारी है। आठवें दिन भी दोपहर बाद चकराता में जोरदार बारिश हुई। मार्च का दूसरा सप्ताह समाप्त हो जाने के बाद भी चकराता में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। वहीं खराब मौसम के चलते चकराता क्षेत्र में पूरे दिन बिजली की भी आंख-मिचौनी चलती रही। पछुवादून क्षेत्र के सेलाकुई, विकासनगर, सहसपुर, हरबर्टपुर, डाकपत्थर क्षेत्र में सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर बाद क्षेत्र में झमाझम बारिश शुरु हो गई। देर शाम तक लगातार बारिश जारी है। वहीं चकराता क्षेत्र में पिछले रविवार से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला आज भी जारी रहा। सुबह से चकराता में बादल छाए हुए थे। दोपहर दो बजे बाद झमाझम बारिश शुरु हो गई। रोजाना दोपहर बाद हो रही बारिश से चकराता का मौसम भी सर्द हो गया है। खराब मौसम के चलते चकराता के बाजार भी सुनसान नजर आया। ग्राहक घरों से निकले नहीं और बाजार में चहल पहल नहीं रही। क्षेत्र के सरकारी कार्यालय बैंक आदि भी खाली पड़े रहे। वहीं लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र का तापमान गिरकर 11 व न्यूनतम 8 डिग्री पर पहुंच गया है। बारिश व सर्दी के चलते पूरा दिन लोगो की कंपकपी छूटती रही। सर्दी से बचने को लोग अपने घरों में बिस्तर में दुबके रहे। दूसरी और खराब मौसम के चलते सुबह से ही बिजली की भी आंख-मिचौनी चलती रही। दोपहर बाद चकराता क्षेत्र में दो घंटे से ज्यादा बिजली गुल रही। सर्दी के मौसम में बिजली न होने से भी लोगो को परेशानी हुई।

# अब उत्तराखण्ड में भी मिलेगी सस्ती शराब जमकर उठाओ लुत्फ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश की आबकारी नीति 2023-24 को मंजूरी मिल गई। जिसके बाद अब प्रदेश में देशी-विदेशी शराब सस्ती हो जाएगी। उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड में शराब तस्करी को देखते हुए सरकार ने यह फैसला लिया है। प्रदेश में नई आबकारी नीति एक अप्रैल से लागू हो जाएगी।

बता दें कि सचिवालय स्थित विश्वकर्मा भवन के वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में हुई बैठक में तीन प्रस्ताव आए। इसमें पहला प्रस्ताव कोसी और गोला नदी में चलने वाले वाहनों के फिटनेस शुल्क को लेकर था। जिस पर मुख्यमंत्री पूर्व में विचलन से निर्णय ले चुके थे। दूसरा प्रस्ताव एकल आवास के नक्शों के पास करने का था। जबकि तीसरा आबकारी नीति का था। तीनों प्रस्तावों को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई।



## आबकारी नीति को मंजूरी

यूपी के मुकाबले प्रदेश में शराब केवल 20 रुपये महंगी रखी जाएगी। इस निर्णय से प्रदेश में शराब के दामों में 100 से 300 रुपये तक प्रति बोतल की कमी आ जाएगी।

प्रति बोतल तीन रुपये महिला कल्याण, युवा कल्याण व खेल विभाग और गौवंश संरक्षण के लिए बतौर सेस वसूला जाएगा। यानी हर विभाग को प्रति बोतल शराब की बिक्री पर एक रुपया मिलेगा। एक अनुमान के अनुसार, चार से पांच लाख बोतल शराब प्रतिदिन बिकती है। इस हिसाब से प्रत्येक विभाग को हर महीने एक से डेढ़ करोड़ राजस्व मिलने की उम्मीद है।

कैबिनेट ने नई दुकानें खोलने की अनुमति दे दी है। शराब को सस्ती करने के लिए मिनिमम गारंटी ड्यूटी (एमजीडी) में कमी का निर्णय लिया गया है। वहीं, नीति के तहत सरकार ने आबकारी विभाग को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए चार हजार करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया है। इस साल का लक्ष्य 3600 करोड़ रुपये का है।

## नक्शे पास कराने की प्रक्रिया आसान

■ उत्तराखंड में एकल आवास के नक्शे पास कराने की प्रक्रिया आसान हुई।

■ नक्शे के लिए एफिडेविट के साथ कर सकते हैं आवेदन।

■ सात दिन के भीतर अगर प्राधिकरण ने आपत्ति ना लगाई तो शुरू कर सकते हैं भवन निर्माण।

**वाहनों का फिटनेस शुल्क**

इसके तहत एक साल तक वाहनों की फिटनेस के लिए पुराना शुल्क लिया जाएगा।

एक साल बाद वाहनों की फिटनेस के लिए नया शुल्क लागू होगा।

# सीओ सिटी के अमेरिका ट्रेनिंग में चयन होने पर सीएम ने किया सम्मानित

रुद्रपुर। रुद्रपुर की सीओ सिटी अनुषा बडोला का आईवीएलपी में चयन होने पर सीएम ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीओ सिटी ने प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया है। आईवीएलपी के अंतर्गत भारत से सात महिला पुलिस अधिकारियों को चयन किया गया है। जल्द ही वह अमेरिका जाकर ट्रेनिंग में प्रतिभाग करेंगी। एसएसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। इंटरनेशनल विजिटर लीडरशिप प्रोग्राम (आईवीएलपी) के अंतर्गत भारत की सात महिला पुलिस अधिकारियों का चयन किया गया था। इसमें रुद्रपुर की सीओ सिटी अनुषा बडोला का चयन हुआ है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि ऐसी प्रतिष्ठित ट्रेनिंग में उत्तराखंड की अनुषा बडोला का चयन होना प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। साथ ही यह महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी है द्य उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग में कानून प्रवर्तन में महिलाओं के लिए नेतृत्व की चुनौतियों पर चर्चा करने, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने और वर्तमान और उभरते आपराधिक मुद्दों को संबोधित करने के लिए रणनीति विकसित करने को प्रतिभागी वरिष्ठ अमेरिकी महिला कानून प्रवर्तन समकक्षों के साथ जुड़ेंगे। कार्यक्रम का लक्ष्य भारतीय कानून प्रवर्तन में महिला अधिकारियों के समूह को विकसित करना है।

# हरिद्वार भगवानपुर में लगेगा साइलेज का तीसरा प्लांट

देहरादून। मुख्यमंत्री घसियारी कल्याण योजना को विस्तार देने को हरिद्वार भगवानपुर में साइलेज का तीसरा प्लांट लगाया जाएगा। अभी देहरादून सहसपुर ब्लॉक के छरबा और शंकरपुर में साइलेज प्लांट स्थापित हैं। अब इस योजना को विस्तार देने को पहाड़ी जिलों में साइलेज पर्याप्त मात्रा में पहुंचाने को हरिद्वार भगवानपुर ब्लॉक के बहुद्देशीय सहकारी समिति चोली में साइलेज के तीसरा प्लांट लगाया जाएगा। अपर निबंधक सहकारिता आनंद एडी शुक्ल ने सोमवार को राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना निदेशालय में अधिकारियों की बैठक में तैयारी तेज करने के निर्देश दिए। इस प्लांट में पांच करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बैठक में जिला सहायक निबंधक राजेश चौहान, सुमन कुमार, भरत सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# इंडियन रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म अवार्ड में उत्तराखंड शीर्ष पर

देहरादून। ऊटी में आयोजित हुए इंडियन रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म अवार्ड में उत्तराखंड शीर्ष पर रहा। विभिन्न श्रेणियों में उत्तराखंड को तीन अवार्ड मिले। होमस्टे, गेस्ट हाउस और होटल को रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म की विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। ऊटी में आयोजित समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पुरस्कार प्रदान किए। पर्यटक सुविधाओं में अग्रणी भूमिका निभाने को इन होम स्टे श्रेणी में चंबा स्थित एचटूओ हाउस को गोल्ड मेडल, भीमताल स्थित द रिट्रीट को सिल्वर मेडल मिला। पौड़ी गढ़वाल में इसोती स्थित वन्स टू वाच होमस्टे को भी बेहतरीन प्रवास प्रदान करने को पुरस्कृत किया गया। गेस्ट हाउस और बीएनबी श्रेणी में लैन्सडाउन के उलार गेस्ट हाउस को गोल्ड मेडल मिला। प्रीमियम होटल की श्रेणी में ऋषिकेश के आशार्य ऑन द गंगा को अवॉर्ड दिया गया।

# भाजपा ने दिया बूथ जीतो, चुनाव जीतो का मंत्र

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। भाजपा चकराता शक्तिकेन्द्र कार्यकारिणी की बैठक में वक्ताओं ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को भाजपा की रीतिनीति से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनावों की तैयारी करने का आह्वान किया। आज चकराता बाजार में आयोजित बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में कार्यकर्ताओं को संबांधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता तीर्थ कुकरेजा ने कहा कि कार्यकर्ताओं का धेय्य पार्टी को मजबूत करना है। कहा कि अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। कहा कि वह अपने क्षेत्र में आमजन को पार्टी की रीतीनीति और उपलब्धियों से रूबरू कराए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व जिला उपाध्यक्ष और कैंट सदस्य अनिल चांदना ने कहा कि बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र है। उन्होंने बूथ समिति के गठन के विषय में कार्यकर्ताओं को विस्तार से समझाया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष चकराता नारायण राणा ने सभी कार्यकर्ताओं को बूथ सशक्तिकरण के लिए अच्छी से अच्छी समिति का गठन करने की बात कही। जिससे आगामी चुनाव में भाजपा को मजबूती मिल सके। कार्यक्रम में संचालन मंडल महामंत्री मातबर शर्मा ने किया। बैठक में केशर चौहान, अनिल चांदना, आनंद राणा, प्रताप सिंह चौहान, शांति राम जोशी, जयवीर सिंह, मोनित दुसेजा, नरेंद्र नेगी, महिपाल शर्मा, हुकम सिंह चौहान, विजन सिंह, अरविंद चौहान, महेंद्र सिंह चौहान, युद्धवीर नेगी, विद्या दत्त जोशी आदि मौजूद रहे।

## गलचौड़ा-चौड़ाढेक मोटर मार्ग की बदहाली पर गुस्सा

चम्पावत। लोहाघाट के गलचौडा-चौड़ाढेक मोटर मार्ग की बदहाली पर लोगों ने आक्रोश जताया। उन्होंने जल्द मोटर मार्ग की दशा न सुधरने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। सुंई खैंसकांडे के ग्राम प्रधान भुवन चौबे ?ने बताया कि इस मोटर मार्ग में ग्रामीण लंबे समय से हॉटमिक्स कराए जाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन लोक निर्माण विभाग पैच वर्क का कार्य करके महज खानापूर्ति कर रहा है। जिस कारण हल्की बरसात में भी यह रोड तालाब के रूप में तब्दील हो जा रही है। ग्राम प्रधान ने बताया कि मोटर मार्ग की दयनीय हालत को लेकर पूर्व में भी लोनिवि, मुख्यमंत्री और केंद्रीय परिवहन मंत्री को भी पत्र भेज दिया है। लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हो पाई। ग्रामीणों ने जल्द मोटर ?मार्ग को ठीक करने की मांग की। ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## टनकपुर में ग्यारह घंटे रही बिजली गुल

चम्पावत। टनकपुर में ग्यारह घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। इस दौरान लोगों को सुबह के समय पानी की गंभीर समस्या से जूझना पड़ा। बिजली नहीं होने सरकारी और गैर सरकारी विभागों में पूरे दिन कामकाज बाधित रहा। शाम साढ़े पांच बजे बिजली सुचारु हुई। सोमवार को लोहियाहेड पावर हाउस की मुख्य लाइन में आई तकनीकी खराबी के बाद टनकपुर में सुबह छह बजे बिजली गुल हो गई। बिजली आपूर्ति बाधित होने से यहां के लोगों को सुबह के समय पानी की गंभीर समस्या से जूझना पड़ा। बिजली नहीं होने से सरकारी और गैर सरकारी विभागों में भी पूरे दिन कामकाज ठप रहा। व्यापारी प्रकाश चंद्र चौड़ाकोटी, पंकज जोशी, नीरज भट्ट, प्रियांशु गडक्रोटी, सौरभ खर्कवाल, बसंत जोशी, अभिषेक गुप्ता, अमित खन्ना, चंद्र शेखर जोशी, दीपक भट्ट, हरीश भट्ट आदि का कहना है कि बिजली कटौती से सुबह के समय पानी की किल्लत तो हुई ही साथ ही व्यापार भी पूरी तरह से चौपट रहा। बताया कि मामूली बारिश में भी इस तरह से बिजली गुल होने से तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। देर शाम साढ़े पांच बजे बिजली सुचारु होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

## बागेश्वर कोल्टस क्लब ने जीता मुकाबला

बागेश्वर। क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में यहां पदम सिंह बघरी की स्मृति में आयोजित चतुर्थ डिस्ट्रिक लीग जारी है। सोमवार को एक मैच खेला गया। इसमें बागेश्वर कोल्टस क्लब की टीम विजयी रही और अगले चक्र में प्रवेश किया। टीम ने 317 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। डिग्री कॉलेज खेल मैदान में सोमवार को बागेश्वर कोल्टस व सनराइजर के मध्य मैच खेला गया। सनराइजर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए विपक्षी टीम को बुलाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोल्टस ने 39.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 317 रनों का स्कोर खड़ा किया। आयुष ने अपनी टीम के लिए सर्वाधित 86 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइज की टीम 26.2 ओवर में 101 रनों पर सिटम गई। कोल्टस की टीम की ओर से योगेश ने छह ओवरों में 14 रन देकर छह विकेट झटके। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव रमेश दानू, उपाध्यक्ष राम चंद्र पांडे, कोषाध्यक्ष राजेंद्र परिहार, सिचव प्रदीप गडिया, सदस्य रमेश लोहनी, हरीश रावल, मनोज ओली, नवीन रावल आदि मौजूद रहे।

## भुगतान न करने वाले करदाताओं की सूची अखबारों में की जाएगी प्रकाशित

अल्मोड़ा। छावनी परिषद ने करों और लंबित देयकों की वसूली को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। परिषद की तरफ से पुनः आम सूचना जारी कर करदाताओं से संपत्ति कर एवं अन्य छावनी देयकों का भुगतान ई-छावनी पोर्टल के माध्यम से अविलंब करने की अपील की है। कहा है कि करों, देयकों का भुगतान न किए जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी नागेश कुमार पांडेय की तरफ से जारी विज्ञप्ति में करदाताओं से संपत्ति कर सहित अन्य छावनी देयकों का भुगतान अविलंब करने को कहा गया है। भुगतान न करने वाले करदाताओं के नामों की सूची समाचार पत्रों और नगर के सूचना पटलों पर चस्पा करने की भी चेतावनी दी गई है।

## नगर पंचायत में स्वच्छता को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया

अल्मोड़ा। चैत्राष्टमी मेले के मद्देनजर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में नगर पंचायत और गेवाड़ संकल्प समिति की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया है। नगर पंचायत के धुधलिया वार्ड में अभियान के तहत महिला समूह को गीले और सूखे कूड़े के प्रबंधन की जानकारी दी गई। ताकि चौखुटिया नगर पंचायत को स्वच्छ रखा जा सके। साथ ही चैत्राष्टमी मेले के दौरान भी स्वच्छता अभियान के लिए चर्चा की गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत ब्रांड एम्बेसडर तीलू रौतेली सम्मान से सम्मानित भावना शर्मा, नगर पंचायत कर्मचारी अमित कुमार के साथ मिलकर समूह का गठन भी किया गया। अध्यक्षता सरपंच जानकी देवी ने की। यहां तारा देवी, बबीता शाह, अनीता, हेम कांडपाल , मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मॉकड्रिल में दुर्घटनास्थल पर घायलों को रेस्क्यू किया

अल्मोड़ा। आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्य के लिये पुलिस का अभ्यास वर्ग शुरू हो गया है। द्वाराहाट पुलिस ने शस्त्रों, दंगा नियंत्रण व आपदा उपकरणों का अभ्यास किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष अजय लाल साह ने थाने में नियुक्त पुलिस बल से थाना परिसर, बैरिक, भोजनालय व शस्त्रों की साफ-सफाई व शस्त्राभ्यास (खोलना जोडऩा) समेत आपदा प्रबंधन उपकरणों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों की जानकारी देकर हैंडलिंग करायी गई और दुर्घटनास्थल से घायलों को रेस्क्यू करने संबंधी मॉकड्रिल भी करायी गयी।

## आंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने वालों पर हो कार्रवाई

बागेश्वर। कोट भ्रामरी मंच गरुड़ में लगे भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षति पहुंचाने की घटना पर आंबेडकर जन जागृति समिति ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज समिति ने प्रदर्शन किया। इस तरह के कृत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस आशय का एक ज्ञापन डीएम को सौंपा है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार आर्या के नेतृत्व में लोग सोमवार को जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे। यहां उन्होंने एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उनका कहना है कि गरुड़ के कोट भ्रमारी मंदिर में वर्षों पूर्व बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की गई। गत दिनों कुछ असामाजिक तत्वों ने उसे क्षति पहुंचाई है। जिसकी जानकारी उन्हें दूसरे दिन मिली। उन्होंने घटना की जानकारी एसडीएम गरुड़ को दे दी है। उन्होंने डीएम से मामले को गंभीरता से लेने तथा इस तरह के कृत कार्य करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। मांग करने वालो में प्रेम सिंह, मुन्नी देवी, गोकुल भारती, प्रताप राम व मोसिन खान आदि मौजूद रहे।

## नगर पंचायत क्षेत्र में पथ प्रकाश की होगी बेहतर सुविधा

बागेश्वर। कपकोट नगर पंचायत की बोर्ड बैठक नगर पंचायत क्षेत्र में पथ प्रकाश की बेहतर सुविधा देने पर बल दिया गया। इसके अलावा गर्मी से पहले स्वच्छता अभियान चलाने तथा दवा का छिडक़ाव आदि कराने पर विचार किया गया। सभासदों ने अपने-अपने क्षेत्र के लिए खींचा गया विकास का खाका प्रस्तुत किया गया। नगर पंचायत सभागार में सोमवार को बोर्ड बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने वर्ष 2022-23 में पंचम वित्त मद प्राप्त धनराशि आय व्यय विवरण व अवशेष धनराशि निकायों को लेकर जानकारी दी। 2021-22 की द्वितीय अनटाइड तथा डायट फंड से प्राप्त 17.23 लाख की धनराशि बची है। इसके उपयोग को लेकर मंथन हुआ। कार्यालय के लिए नये वाहन खरीदने व कपड़ा वैडिंग मशीन लाने पर सहमति बनी है। इसके अलावा स्वच्छता अभियान चलाने तथा बेहतर पथा प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। इस पर सभासदनों ने सहमति जताई है। इस मौके पर सभासदों में तनुज तिरुवा,डुंगर सिंह, हेमा देवी, गोदा कपकोटी, प्रवीण ऐठानी, दीपक ऐठानी, सुंदर देव, गोविंद सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन ईओ नवीन कुमार ने किया।

## अल्मोड़ा तहसील के दस राजस्व उप निरीक्षकों को मिलेंगी बाइकें

अल्मोड़ा। जिले के राजस्व उप निरीक्षकों को जल्द ही बाइक उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए शासन की ओर से अल्मोड़ा तहसील को दस बाइकें भेजी गई हैं। राजस्व उप निरीक्षकों को बाइक उपलब्ध कराने से उनके काम की गति में तेजी आएगी। दरअसल, जिले में तमाम क्षेत्र राजस्व उप निरीक्षकों के जिम्मे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बिना पंचायत भवन के चल रही ग्राम सभा

ऋषिकेश। डोईवाला के बडोवाला में ग्राम सभा का अपना पंचायत भवन तक नहीं है। ऐसे में ग्राम प्रधान और ग्रामीणों को ग्राम सभा की बैठक करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को बड़ोवाला के ग्राम प्रधान सुधीर छेत्री ने ग्रामीणों संग डोईवाला तहसील पहुंचकर एसडीएम शैलेंद्र सिंह नेगी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध कालू सिद्ध मंदिर से लगती हुए ग्रामसभा बडोवाला में अपना पंचायत भवन तक नहीं है। पंचायत भवन न होने से काफी परेशानियों से गुजरना पड़ता है। ऐसे में पंचायत की बैठक किसी वेडिंग प्वाइंट या सरकारी स्कूल में रखी जाती है। पंचायत भवन न होने की वजह से पंचायत सचिव को भी कालूवाला पंचायत भवन में बैठना पड़ता है और ग्रामीणों को अपने काम करवाने के लिए दूसरी ग्राम सभा के पंचायत घर में जाना पड़ता है। पंचायत भवन के विषय में लेखपाल को भी पूर्व में ज्ञापित किया गया था। पंचायत भवन बनवाने के लिए प्रशासन से भी धन राशि स्वीकृत हो रखी है। मगर पंचायत भवन के लिए जमीन नहीं है। उन्होंने पंचायत घर निर्माण के लिए भूमि प्रदान करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में कालुवाला ग्राम प्रधान पंकज रावत, सभासद ईश्वर रौथान आदि उपस्थित रहे।

### सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर आधारित है बजट: सुनीता

ऋषिकेश। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता सुनीता बौडाई ने प्रदेश सरकार के बजट को ऐतिहासिक बताया। कहा कि यह बजट पीएम मोदी के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की अवधारणा पर आधारित है। सोमवार को भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता सुनीता बौडाई ने रेलवे मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि सीएम धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार 2025 तक श्रेष्ठ राज्य बनने के मार्ग पर निर्णायक रूप में आगे बढ़ रही है। यह बजट संतुलित, समावेशी और सभी वर्गों तक पहुंचने वाला है । इसमें एक ओर युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। वहीं दूसरी ओर कृषि, उद्यान, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, पर्यटन और इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी महत्व दिया गया है। मौके पर ऋषिकेश जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा, महामंत्री दीपक धमीजा, राजेंद्र तडियाल, जिला सह मीडिया प्रभारी विनोद भट्ट, पंकज शर्मा, विपिन कैथोला, शिव कुमार गौतम, कपिल गुप्ता, जयंत किशोर, राकेश चंद, संजीव सिलस्वाल, राजू नरसिंहा आदि उपस्थित रहे।

### न रजिस्ट्री की और न रकम वापस लौटाई , जमीन के नाम पर 21 लाख हड़पे

ऋषिकेश। देहरादून के एक शख्स ने जमीन का सौदा किया। इसकी एवज में 21 लाख रुपये की रकम भी ली, लेकिन न तो रजिस्ट्री की है और न ही रकम वापस लौटाई। धोखाधाड़ी होने पर पीड़ित पुलिस के पास पहुंचा। इस पर पुलिस ने अब नामजद आरोपी के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक टी एस्टेट, बंजारावाला, देहरादून निवासी प्रदीप कुमार ने शिकायत दी कि उन्होंने साहिल पुत्र कमेशद्दीन अली खान से जमीन के लिए सौदा किया था। आरोप है कि देहरादून में बडोवाला स्थित आरकेडिया ग्रांट के रहने वाले साहिल ने साल 2019 में जमीन के लिए 21 लाख रुपये की राशि भी ली। बावजूद, इसके अभी तक जमीन नहीं दी। प्रभारी निरीक्षक राजेश शाह ने बताया कि आरोपी साहिल खुद को आईएसबीटी स्थित मान इंटर प्राइजेज सिटी जंक्शन कंपनी का डायरेक्टर भी बताता है। आरोपी पर आईपीसी की धारा 420 के तहत कार्रवाई की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है। जल्द आरोपी की धरपकड़ कर उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### शीला भट्ट बनी नरेंद्रनगर ब्लॉक की आंगनबाड़ी अध्यक्ष

ऋषिकेश। नरेंद्रनगर ब्लॉक क्षेत्र की आंगनबाड़ी वर्करों की बैठक में सर्वसम्मति से शीला भट्ट को आंगनबाड़ी वर्कर संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान नवनियुक्त संगठन पदाधिकारियों का फूल माला से स्वागत किया। सोमवार को ढालवाला स्थित चंद्रा पैलेस में हुई बैठक में आंगनबाड़ी वर्करों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही ब्लॉक की कार्यकारिणी के चयन पर सहमति बनी। प्रदेशाध्यक्ष सुशीला खत्री की मौजूदगी में सर्वसम्मति से शीला भट्ट को ब्लॉक अध्यक्ष, रंजना नौटियाल को क्षेत्र प्रमुख, रेखा भट्ट कोषाध्यक्ष, कमला चौहान प्रमुख और मंजू भट्ट को मीडिया प्रभारी चुना गया। इस दौरान आंगनबाड़ी सहायकों ने अपनी परेशानियां रखीं। साथ ही भवन किराया, पोषाहार वितरण के मानदेय पर चर्चा की। प्रदेशाध्यक्ष खत्री ने समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। मौके पर बबली गोदियाल, पुष्पा चौहान, वीरा रावत आदि कार्यकर्ता और सहायिकाएं मौजूद रहीं।

### घर पहुंची बीच कैंप से लापता नवविवाहिता

ऋषिकेश। शिवपुरी में गंगातट के नजदीक एक बीच कैंप से संदिग्ध परिस्थितियों लापता हुई नवविवाहिता अब रहस्यमय ढंग से घर पहुंच गई। पुलिस विवाहिता और पति से पूछताछ कर रही है। मुनिकीरेती प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने बताया कि हिमांशु पचोरी निवासी ग्राम ऊसायनी, फिरोजाबाद, यूपी 20 वर्षीय पत्नी नंदिनी के साथ घूमने के लिए शिवपुरी पहुंचा था। हिमांशु ने 19 मार्च की रात पत्नी के संदिग्ध परिस्थितियों में गंगातट से गायब होने की सूचना पुलिस को दी। पत्नी का मोबाइल तट के पास ही एक पत्थर पर मिलने की बात भी कही। संदिग्ध मामले की जांच में पुलिस जुटी थी कि सोमवार को जानकारी मिली कि नंदिनी घर पहुंच गई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों का विवाह इसी साल 10 फरवरी को हुआ था।

### व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस पर परिवहन महासंघ को एतराज

ऋषिकेश। चारधाम यात्रा के लिए वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस जरूरी करने के निर्णय पर उत्तराखंड परिवहन महासंघ ने एतराज जताया है। उन्होंने यात्रा समाप्ति के पश्चात स्टेपवाइज वाहनों पर वीएलटीडी लगवाने का मामला उठाया। सोमवार को उत्तराखंड परिवहन महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून में परिवहन मंत्री चंदन रामदास से मुलाकात की। महासंघ के अध्यक्ष सुधीर राय ने कहा कि राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा यात्रा में चलने वाले सभी वाहनों में वीएलटीडी लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। डिवाइस लगाने के बाद ही यात्रा के लिए ग्रीन कार्ड जारी किया जाएगा। यदि ऐसा होता है तो यात्रा काल में अफरा-तफरी का माहौल हो जाएगा। इससे यात्रा प्रभावित होगी। सरकार को चाहिए कि यात्रा समाप्ति के पश्चात स्टेपवाइज वाहनों पर वीएलटीडी लगाना सुनिश्चित करें। परिवहन मंत्री ने मामले पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में रूपकुंड पर्यटन के अध्यक्ष भूपाल सिंह नेगी, यातायात पर्यटन विकास सहकारी संघ के उपाध्यक्ष नवीन चंद रमोला आदि शामिल रहे।

# डीएम सोनिका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई, 104 शिकायतें आई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 104 शिकायतें आई जिनमें आपसी विवाद, परिवार विवाद, विद्युत कनेक्शन लगवाने, पढाई हेतु आर्थिक सहायता दिलाने, समाज कल्याण विभाग की पेशन लगवाने, एनएच रो? पर पुस्ता निर्माण करवाने, पेयजल कनेक्शन का बीजक माफ कराने सहित भूमि संबंधी कुछ शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकतर शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त हो रहे पारिवारिक झगडे, मारपीट तथा दबंगों द्वारा मारपीट करने व झूठा मुकदमा दर्ज करवाने के प्रकरणों पर पुलिस विभाग के अधिकारियों को जांच करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आर्थिक सहायता एवं समाज कल्याण की पेंशन के प्रकरणो पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को कार्यवाही करते हुए संबंधित शिकायतकर्ता को भी सूचित करने के निर्देश दिए। स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा ग्रामसभा कोटी में भूमि खूर्द-बुर्द करने तथा समाज की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतों पर उप जिलाधिकारी डोईवाला को कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही जनसुनवाई में प्लॉटिंग में संबंधितों द्वारा रास्ता न दिए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने एमडीडीए के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 एस के बरनवाल, अपर मुख्य नगर आयुक्त जगदीश लाल, उप जिलाधिकारी सदर नरेश चन्द्र दुर्गापाल, नगर कलेक्ट्रेट कुशम चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय जैन, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 विद्याधर काप?ी, अधिशासी अभियन्ता एमडीडीए अजय माथुर, जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत, जिला पंचायतीराज अधिकारी विद्याधर सोमनाल, जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुशील नौटियाल, लोनिवि, विद्युत, समाज कल्याण, सिंचाई आदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# नवरात्र को नारी शक्ति उत्सव के रूप में मनाएगी सरकार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। नवरात्र को नारी शक्ति उत्सव के रूप में बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। इसके लिए नवरात्र पर प्रमुख मंदिरों और देवी सिद्ध पीठों में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। इस संबंध में संस्कृति विभाग की ओर से सभी जिलों को आदेश जारी किए गए हैं। प्रमुख मंदिर, देवी सिद्ध पीठ पीठों में होने वाले आयोजनों में संस्कृति विभाग वित्तीय सहयोग करेगा। हर जिले को एक लाख की वित्तीय मदद की जाएगी। अतिरिक्त व्यवस्था स्थानीय जिला प्रशासन करेंगे। सचिव संस्कृति हरिचंद सेमवाल की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए। 22 मार्च से 30 मार्च तक नारी शक्ति उत्सव मनाया जाएगा। चैत्र नवरात्रों की उत्तराखण्ड में व्यापक धार्मिक महत्व को ध्यान रखते हुए प्रदेश में सभी प्रमुख देवी मंदिरों, शक्तिपीठों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि नारी शक्ति उत्सव के अवसर पर दुर्गा सप्तमी, रामचरितमानस, देवी गायन, देवी जागरण, पाठ आयोजित कराए जाएंगे। महिलाओं और बालिकाओं की इन कार्यक्रमों में विशेष रूप से सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेशभर में आयोजित होने वाले इस उत्सव के आयोजन को जिलाधिकारियों की ओर से जिला, ब्लॉक स्तर पर समिति का गठन किया जाएगा। इसमें सांस्कृतिक धार्मिक, जनसहभागिता से जु? संगठनों और कार्यक्रम से आम जनमानस को जोड़ा जाएगा।

ये समिति तय करेगी की जिला और ब्लॉक स्तर पर किन देवी मन्दिरों, शक्ति पीठों में आयोजन किए जाएं। स्थानीय स्तर पर जन सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। प्रतिदिन कराये गये कार्यक्रमों का ब्यौरा आयोजकों को संस्कृति विभाग, उत्तराखण्ड की ई-मेल पर अपलोड कराना होगा। आयोजन स्थल के आस-पास साफ-सफाई, पेयजल, ध्वनि-प्रकाश समेत अन्य व्यवस्थायें जिला प्रशासन को सुनिश्चित करानी होगी। इन आयोजन के लिए संस्कृति विभाग हर जिलाधिकारी को एक लाख की धनराशि देगा। अन्य व्यवस्थाएं जिला प्रशासन अपने स्तर से सुनिश्चित कराएगा।

## संस्कृत शिक्षा परिषद और निदेशालय देहरादून में शिफ्ट हो

ऋषिकेश। संस्कृत छात्र सेवा समिति की बैठक में उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद एवं संस्कृत निदेशालय जल्द ही हरिद्वार से देहरादून शिफ्ट करने की मांग उठाई गई। सोमवार को संस्कृत छात्र सेवा समिति की बैठक कैलाश गेट स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में अध्यक्ष सर्वेश तिवारी ने कहा कि पूर्व में उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद एवं उत्तराखंड संस्कृत निदेशालय को उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार के भवन में शिफ्ट कर दिया गया था। इसका व्यापक विरोध होने पर संस्कृत शिक्षा परिषद और संस्कृत निदेशालय को दोबारा देहरादून में शिफ्ट करने में आदेश जारी हुए थे। इस पर वर्तमान में कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। इस कारण संस्कृत छात्रों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। जिन छात्रों की हाईस्कूल के अंकपत्र पर देहरादून का पता था, उनके इंटर के अंकपत्र पर हरिद्वार का पता होगा। इससे भविष्य में उनके प्रमाण पत्रों को लेकर संकट खड़ा हो सकता है। बैठक में कहा गया कि अगर जल्द ही उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद एवं संस्कृत निदेशालय को देहरादून में शिफ्ट नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

# महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर एबीवीपी ने किया क्रमिक अनशन शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तरकाशी। राजकीय महाविद्यालय चिन्यालीसौड़ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय की लंबित समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर कालेज परिसर में क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। उन्होंने शीघ्र ही महाविद्यालय की समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।सोमवार को महाविद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में एबीवीपी के छात्र एकत्र हुये। जहां उन्होंने शासन प्रशसन के खिलाफ नारेबाजी करते हुये अनशन पर बैठक गये। विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष सचिन रमोला ने बताया कि विद्यार्थी परिषद महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर कई बार शासन प्रशासन से लिखित और मौखिक रूप से अवगत करा चुका है। परंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने महाविद्यालय में शिक्षकों की तैनाती की मांग सहित एमए, एमएससी की कक्षाएं संचालित करने, बीए में गृह विज्ञान, कला, संस्कृत विषय उपलब्ध कराने, निर्माणाधीन भवनों का निर्माण त्वरित प्रभाव से करने, कलेज परिसर का समतलीकरण सहित आदि मांग की। कहा यदि शीघ्र ही मांग पूरी नहीं होती तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगें। इस मौके पर धीरेंद्र भंडारी, संदीप नौटियाल,केशव सिंह, विनेद बडोनी, ईशान रमोल, प्रियंका कैंतुरा, मुकेश कोहली आदि मौजूद थे।

# विधायक निधि पर उठाए सवाल

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा ने विधायक निधि 3.75 करोड़ से बढ़ाकर पांच करोड़ किए जाने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक निधि से मात्र तीस चालीस फीसदी काम ही धरातल पर होता है। वह काम भी एक साल तक टिक नहीं पाता है। कहा कि विधायक निधि कमीशन खोरी और धन को ठिकाने लगाने का एक जरिया बन गया है। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष और जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश में आर्थिक रूप से कंगाल हो चुके कई परिवार आत्महत्या कर चुके हैं, तथा कई कगार पर हैं। ऐसे में इन परिवारों का जीवन बचाना उनको आर्थिक रूप से मजबूत करना सरकार की जिम्मेदारी बनती है। गरीबों के उत्थान के लिए सरकार को ठोस कदम उठाना चाहिए। नेगी ने कहा कि हाल ही में सरकार द्वारा सवा करोड़ रुपये विधायक निधि में वृद्धि की गई है। उसको हर विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान विधायक, विपक्ष एवं प्रशासनिक अधिकारियों की टीम गठित कर गरीब परिवारों का सत्यापन कर उनके उत्थान में लगना चाहिए। जिससे उनका जीवन बच सकें। कहा कि आलम यह है कि कई छोटे व्यापारी, किसान, रोजगार से वंचित हुए एवं दिहाड़ी मजदूरी करने वाले कर्ज में डूब चुके हैं तथा पारिवारिक जिम्मेदारी उठाने में लाचार हो चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रेड पे वृद्धि समेत विभिन्न मांगों को लेकर मुखर हुए रोडवेज कर्मी

ऋषिकेश। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ऋषिकेश शाखा से जुड़े रोडवेज कर्मियों ने लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति पर मंथन किया। इस दौरान कर्मचारियों के हितों की अनदेखी करने पर राज्य परिवहन निगम प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश जताते हुए नारेबाजी भी की। कर्मचारियों ने क्षेत्रीय सहायक महाप्रबंधक को मांगपत्र भी सौंपा। मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आर-पार के संघर्ष का ऐलान किया। सोमवार को संयुक्त यात्रा रोडवेज बस अड्डा परिसर में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ऋषिकेश शाखा की बैठक लंबित समस्याओं को लेकर हुई। बैठक में रोडवेज कर्मियों ने ग्रेड पे 1900 से बढ़ाकर 2400 करने, ऋषिकेश डिपो में रोडवेज कर्मियों की कमी दूर करने, मैदानी और पर्वतीय रूट पर पूर्व की तरह किलोमीटर निर्धारित करने सहित विभिन्न लंबित मांगों पर चर्चा की गई। शाखा अध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि पिछले काफी समय से रोडवेज कर्मी समस्याओं को लेकर संघर्षरत हैं। हर बार निगम प्रबंधन जल्द उचित कार्रवाई का आश्वासन देता है, लेकिन आज तक मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई। लगातार उपेक्षा के चलते मजबूरन आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। इस दौरान रोडवेज कर्मियों ने राज्य परिवहन निगम प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। क्षेत्रीय सहायक महाप्रबंधक पीके भारती को मांग पत्र भी सौंपा। मौके पर शाखा मंत्री प्रदीप कुमार, आकाश गुप्ता, राजीव कुमार, आशु कुकरेती, अर्जुन, रणपाल, बृजपाल, जय सिंह, चंदन सिंह, मुकेश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### दोस्त बनकर 77 हजार रूपये ठगे

ऋषिकेश। लोगों को जागरूक करने बावजूद ऑनलाइन ठगी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। नकरौंदा निवासी एक शख्स को अज्ञात शख्स ने मोबाइल पर कॉल की। दोस्त बनकर झांसे में लिया और बैंक खाते से 77 हजार रुपये की नगदी साफ कर दी। अकाउंट से रकम कटने पर पीड़ित कोतवाली पहुंचा। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक नकरौंदा स्थित आदर्श कॉलोनी निवासी धर्मेंद्र पुत्र अवतार सिंह फोनिया ने यह शिकायत दी। प्रभारी निरीक्षक राजेश शाह ने बताया कि अज्ञात ठग की पहचान के लिए पुलिस के साइबर सेल की मदद ली जा रही है। जल्द आरोपी की शिनाख्त कर उसकी धरपकड़ की जाएगी। उन्होंने लोगों से इस तरह की धोखाधड़ी से सावधान रहने के लिए अपील की है। बताया कि पुलिस लगातार क्षेत्र में लोगों को मैसेज, ओटीपी और अन्य माध्यमों से होने वाली ऑनलाइन ठगी से बचाव के लिए जागरूक कर रही है।

### 21 मार्च को गो बचाओ जन जागरण यात्रा होगी शुरू

ऋषिकेश। श्री राम गोधाम सेवा समिति 21 से 27 मार्च तक गो संरक्षण के लिए गो बचाओ जन जागरण यात्रा निकालेगी। यह ऋषिकेश से शुरू होकर उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से निकलेगी। 27 मार्च को इस यात्रा का समापन ऋषिकेश में होगा। सोमवार को तपोवन आनंद धाम में श्री राम गोधाम सेवा समिति की प्रेस वार्ता हुई। प्रेस वार्ता में महामंडलेश्वर ईश्वर दास महाराज ने कहा कि 21 से 27 मार्च तक गो बचाओ जन जागरण यात्रा का आयोजन होगा। इसमें लोगों को गो संरक्षण के लिए जागरूक किया जाएगा। श्री राम गोधाम सेवा समिति के संस्थापक जगदीश प्रसाद भट्ट ने कहा कि यह यात्रा 21 मार्च को ऋषिकेश से शुरू होगी। देहरादून, मसूरी, लाखामंडल, नौगांव, बडक़ोट, उत्तरकाशी, बूढ़ा केदार मंदिर चमियाला बाजार, केदार विलेश्वर धाम, घनसाली, तिलवाड़ा, रुद्रप्रयाग, गोचर, प्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, श्रीनगर बाजार, जोशीमठ, चमोली, श्रीनगर कमलेश्वर महादेव मंदिर, कीर्ति नगर, देवप्रयाग, सतपुली, कोटद्वार, हरिद्वार से वापस 27 मार्च को ऋषिकेश पहुंचेगी। 27 मार्च को ही भरत मंदिर झंडा चौक पर संत सम्मेलन और यात्रा का समापन किया जाएगा। मौके पर समिति संरक्षक मोहन काला, तुलसी मानस मंदिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी दयाराम दस महाराज, स्वामी रमेश आनंद, स्वामी अखंडानंद सरस्वती, स्वामी आलोक हरि, जगदीश प्रपन्नाचार्य, हर्ष मणि उनियाल, उषा भट्ट, सुमन डोभाल, मदन बिष्ट, मनीष ब्यास, दिलीप बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

# साईंलोक कॉलोनी में हुआ निशुल्क हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। शिमला बाईपास रो? स्थित साईंलोक कॉलोनी, कारबारी ग्रांट में निशुल्क हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निशुल्क परामर्श, निशुल्क न्यूट्रीशियन और डाइटेशन परामर्श , निशुल्क ईसीजी, ब्लड़ प्रेशर और ब्लड़ शुगर की जांच की गई। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ एवं फिजीशियन डॉ. के0 बी0 जोशी (एक्स सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट दून अस्पताल) और पोषक एवं आहार विशेषज्ञ उर्वशी चुग( क्लीनिकल न्यूट्रीशियन और डाइटेशन) द्वारा मरीजों की जांच और परामर्श दिया गया।




वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ एवं फिजीशियन डॉ. के0 बी0 जोशी ने मरीजों की जांच करने के साथ-साथ हृदय रोगों से बचने के उपाय भी बताए। उन्होंने कहा कि धूम्रपान, एल्कोहल और गलत खान-पान की आदतों की वजह से हार्ट की समस्याएं होने की संभावना बढ़ जाती है। अक्सर लोग हार्ट के दर्द को गैस का दर्द समझकर नजर अंदाज कर देते हैं जिसके परिणाम काफी गंभीर हो सकते हैं। इसलिए सबको हार्ट अटैक के मुख्य लक्षण पता होना चाहिए और कोई भी लक्षण दिखने पर तुरंत अपने नजदीकी कॉर्डियोलॉजिस्ट से परामर्श करना चाहिए। साथ ही इस अवसर पर आयोजक समिति ने जांच शिविर में ब?च? कर भागीदारी करने वाली क्षेत्र की जनता और सक्रिय रूप से अपना योगदान देने के लिए सभी स्वयंसेवकों(वलन्टियर्स) का आभार व्यक्त किया।

विशेष धन्यवाद के पात्र - पूर्व प्रधान दयानंद जोशी जी, राकेश शाह जी, सामंत जी , जायसवाल परिवार, सचिन गैरोला जी, नोडियाल जी जिनके सहयोग एवं व्यवस्था से ये जनहित कार्य पूरा हुआ ।

# बाइक सवार की मौत पर पुलिस चौकी पर प्रदर्शन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुडक़ी। बीते रविवार रात बाइक सवार की अज्ञात वाहन से टक्कर होने पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सोमवार सुबह भीम आर्मी नेता महक सिंह अपने समर्थकों के साथ इकबालपुर पुलिस चौकी पहुंचे और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। गांव बालेकी यूसुफपुर निवासी सौरभ (21) पुत्र राधेश्याम बाइक से रविवार रात अपनी बहन के घर लंढौरा जा रहा था। इकबालपुर से आगे देवपुर के पास अज्ञात वाहन ने सौरभ को टक्कर मार दी। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राहगीरों ने सडक़ दुघर्टना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल रुडक़ी भेजा। सोमवार सुबह भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने इकबालपुर पुलिस चौकी के पास धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरना प्रदर्शन में भीम आर्मी नेता महक सिंह और भगवानपुर विधायक ममता राकेश भी पहुंचीं। लोगों ने अज्ञात वाहन को जल्द ढूंढने की मांग की। इकबालपुर पुलिस चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने



बताया कि राधेश्याम की ओर से अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

# पटवारी भर्ती प्रश्नपत्र लीक मामले में पचास हजार का इनामी गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। बहुचर्चित पटवारी भर्ती प्रश्नपत्र लीककांड में फरार चल रहे पचास हजार के इनामी आरोपी डेविड को एसआईटी ने भगवानपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पूर्व में भी वन दारोगा भर्ती प्रश्नपत्र लीक प्रकरण में ब्लूटूथ से नकल कराने के आरोप में जेल जा चुका है। एसटीएफ ने मामले में लोकसेवा आयोग के अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी, उसकी पत्नी रितु, पॉलटेक्निक शिक्षक राजपाल, उसके भतीजे संजीव को गिरफ्तार किया था, जिनके कब्जे से चालीस लाख से अधिक की रकम बरामद की गई थी। इसके बाद प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई थी। एसआईटी अब तक प्रकरण में कई आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है, लेकिन आरोपी डेविड पुत्र साधु राम निवासी बाकरपुर लक्सर फरार चल रहा था, जिस पर पचास हजार का इनाम घोषित किया गया था। एसएसपी अजय सिंह ने




बताया कि आरोपी डेविड ने अभ्यर्थियों से मोटी रकम एवं शैक्षणिक दस्तावेज अपने कब्जे में लेकर बिहारीगढ़ सहारनपुर के एक रिजॉर्ट में प्रश्नपत्र पढ़वाया था। एसआईटी ने उसे रविवार देर रात भगवानपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी वन दरोगा भर्ती प्रश्नपत्र लीक प्रकरण में ब्लूटूथ से नकल कराने के आरोप में भी जेल जा चुका है। उसके खिलाफ लक्सर कोतवाली में नौकरी लगवाने के नाम पर रकम ठग लेने का मुकदमा भी दर्ज है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम धामी ने की शोक संवेदना व्यक्त

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को खटीमा के ग्राम बिडॉरा मझोला पहुंचकर प्रधान संघ प्रदेश अध्यक्ष भास्कर संभल की माता हीरादेवी संभल के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लक्ष्मण सिंह चौहान के ग्राम तिगरी स्थित आवास पर जाकर उनके पिता बहादुर सिंह चौहान के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अमाऊ पहुंचकर पूरन सिंह राणा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

### नशा मुक्ति केंद्र में युवक की मौत के बाद उठे सवाल, पुलिस ने शुरू की जांच

देहरादून। थाना पटेलनगर क्षेत्र के बड़ोवाला स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में युवक की मौत के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, परिजनों ने 32 साल के युवक को 12 मार्च को नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। रात को अचानक तबियत बिगडऩे पर उसे अस्पताल लेकर गए, लेकिन युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान मुआद अली के रूप में हुई है। युवक सहारनपुर, यूपी का रहने वाला है। पुलिस नशा मुक्ति केंद्र के संचालक से भी पूछताछ कर रही है।

### उत्तराखंड में फिर महसूस हुए भूकंप के झटके

देहरादून। उत्तराखंड में सुबह पांच बजकर 32 मिनट पर भूकप का झटका महसूस किया गया। भूकंप का केन्द्र उत्तराखंड में पिथौरागढ़ से चालीस किलोमीटर दूर पश्चिमी नेपाल में रहा। फिलहाल किसी जन हानि की सूचना नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सेस्मोलॉजी में दर्ज जानकारी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 3.1 व गहराई पांच किलोमीटर रही। मार्च माह में अभी तक उत्तराखंड में दस से अधिक भूकंप महसूस किए जा चुके हैं। गत रविवार को भी उत्तराखंड में भूकंप का हल्की तीव्रता (2.1) का भूकंप आया था। जिसका केन्द्र जोशीमठ के पश्चिम उत्तर में 45 किलोमीटर दूर रुद्रप्रयाग में रहा।

### विकासनगर में लोगों को बेघर करने का विरोध डीएम दफ्तर पहुंचे लोग

देहरादून। विकासनगर के ढकरानी में 600 घर गिराकर लोगों को बेघर करने पर विरोध जताया गया। मुस्लिम सेवा संगठन के पदाधिकारी रविवार को डीएम कार्यालय पहुंचे। मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी ने कहा कि सरकार और प्रशासन को चाहिए कि लोगों को बेघर न किया जाए। यदि कोर्ट के आदेश पर घरों को तोड़ा ही जाना है तो यहां पर उनके रहने और पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। इस दौरान उपाध्यक्ष आकिब कुरैशी, लताफत हुसैन, दानिश कुरेशी मुदस्सिर हुसैन आदि मौजूद रहे। डीएम कार्यालय में संगठन की ओर एसडीएम नरेश चंद्र दुर्गापाल को ज्ञापन सौंपा। कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग उठाई।

### सेवाएं समाप्त करने के विरोध में उपनल कर्मचारियों ने किया काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन

देहरादून। सरकारी विभागों से सेवाएं समाप्त करने के विरोध में उपनल कर्मचारियों ने सोमवार को बांध पर काली पट्टी बांध कर विरोध जताया। उपनल कर्मचारी महासंघ ने कहा कि सरकार ने उपनल कर्मचारियों को न हटाने का वादा किया था, लेकिन उस पर अमल नहीं हो रहा है। महासंघ के प्रदेश महामंत्री विनय प्रसाद ने कहा वर्ष 2018 में हाईकोर्ट ने सरकार को उपनल कर्मचारियों को समान कार्य समान वेतन, चरणबद्ध तरीके से नियमितीकरण करने के आदेश दिए थे। सरकार इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई थी। यह मामला वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन है। इसके बावजूद कर्मचारियों को लगातार हटाया जा रहा है। यह सुप्रीम कोर्ट की भी अवमानना है। स्वास्थ्य विभाग में उपनल के जरिए कार्यरत 1500 से ज्यादा कर्मचारियों को पहले दूसरी एजेंसी के मार्फत नियुक्त किया गया। अब उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। ईएसआई में भी करीब 120 कर्मचारियों की सेवाओं को 31 मार्च को समाप्त करने की तैयारी की जा रही है। टिहरी में यूपीसीएल, खाद्य विभाग और दून विश्वविद्यालय में भी कई पदों पर भर्ती निकाली गई है। जबकि इन पदों पर उपनल कर्मचारी वर्षों से काम कर रहे हैं।

### घर बैठे कमाई के झांसे में कैप्टन की पत्नी से 3.63 लाख की ठगी

देहरादून। घर बैठकर ऑनलाइन कुछ वक्त काम कर मोटी कमाई के झांसे में सेना के कैप्टन की पत्नी साइबर ठगी का शिकार हो गई। ठगों ने मोटे रिटर्न का झांसा देकर महिला से 3.63 लाख रुपये अपने दिए बैंक खातों में जमा करवा लिए। आरोपियों ने और रकम मांगी। पीड़िता को इस दौरान ठगी की बात समझ में आई। महिला की तहरीर पर प्रेमनगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर प्रेमनगर प्रदीप बिष्ट ने बताया कि करिश्मा नैयर पत्नी कैप्टन रजत नैयर निवासी एडब्ल्यूएचओ सोसाइटी धूलकोट ने तहरीर दी। कहा कि उसे बीते सात मार्च को व्हट्सएप पर एक अंजान नंबर से मैसेज आया। जिसमें घर बैठकर ऑनलाइन काम कर कमाई का झांसा दिया गया। महिला ने शुरुआत में दो हजार रुपये निवेश किए तो 2800 रुपये वापस दिए गए। इसके बाद महिला झांसे में आ गई। महिला ने उनके बताए अनुसार ऑनलाइन 3.63 लाख रुपये का निवेश किया। इसके बाद आरोपियों ने रकम वापस नहीं दी। इंस्पेक्टर प्रदीप बिष्ट ने बताया कि अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बागेश्वर प्रकरण में राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी। बीते दिनों बागेश्वर के जोशी गांव में मां समेत तीन बच्चों के आत्महत्या के प्रकरण में पूर्व विधायक नारायण पाल के नेतृत्व में लोगों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में घटना के लिए पुलिस की लापरवाही को भी जिम्मेदार ठहराया है। कहा गया है कि भूख व कर्ज से दबे परिवार में मां समेत तीन बच्चों की एकसाथ खुदकुशी ने व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। इस घटना को लेकर प्रदेशभर के लोगों में रोष व्याप्त है। अनुसूचित जाति परिवार के साथ हुई इस घटना पर राष्ट्रपति से न्याय की गुहार लगाई गई है। ज्ञापन में जीआर टम्टा, शिव गणेश, यशपाल आर्य, जितेन्द्र सोनकर, राम कुमार, बलवंत पाल, अंकित वाल्मीकि आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

# सरकार सदन में सवालों का जबाब देने में असहज : विधायक नेगी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। गैरसैंण सत्र से लौटे प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि सत्र में भाजपा सरकार विपक्ष के सवालों का जबाब देने में असहज दिखी। विधायक आदेश चौहान के विशेषाधिकार हनन के मामले में पुलिस की झूठी रिपोर्ट को पढ़े जाने व मामले को लेकर संवेदनहीनता के चलते विधानसभा अध्यक्ष को विरोध का सामना करना पड़ा।

सोमवार को कांग्रेस के जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार जनता पीसने का काम कर रही है। कांग्रेस ने सदन में बेरोजगारों की परेशानी, परीक्षाओं को हो रही निरंतर धांधलियों, महिलाओं की परेशानी, जोशीमठ के आपदा प्रभावितों के साथ न्याय न किए जाने, टिहरी बांध प्रभावितों के साथ खिलवाड़ किए जाने, टिहरी झील में बार्ज-मरीना बोट का संचालन न किये जाने सहित प्रदेश के तमाम मुद्दों पर सवालों की बौछार की। लेकिन भाजपा सरकार के लोग सवालों के जवाब देने में असहज दिखे।

विधायक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के यह हाल हैं कि प्रदेश में स्वरोजगार के द्योतक उद्योगों को सब्सिडी देनी बंद कर दी गई है। पुराने मामलों में भी उद्योगों को सब्सिडी नहीं दी जा रही है। इससे स्वरोजगार की बढ़ते कदमों को रोका जा रहा है। जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में उद्योगों को स्थापित कर स्वरोजगार आगे बढ़ाने के लिए सब्सिडी बहुत जरूरी है।

## समापन पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे

नई टिहरी। जौनपुर के ग्राम साटागाढ़ (बांसी) में कताई बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम में 60 प्रशिक्षणार्थियों को छः माह का कताई बुनाई का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र भी बांटे गये। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक समाज कल्याण अधिकारी नवीन रावत ने कहा कि महिलाओं के स्वरोजगार व स्वावलंबन के इस तरह प्रशिक्षण जरूरी है। महिलाओं को इसका अधिकाधिक लाभ लेना चाहिए। समाज कल्याण के तहत उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम से पोषित एवं ड्रीम्स संस्था की ओर से संचालित प्रशिक्षण में शिल्पियों को मास्टर ट्रेनर के द्वारा फुल स्वेटर, हॉफ स्वेटर, जुराब, मफलर, दस्ताने, टोपी आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिससे स्वरोजगार अपना सकें। शिल्पियों द्वारा तैयार माल को बाजार तक पहुंचाने का पूरा प्रयास ड्रीम्स संस्था द्वारा किया जायेगा। स्थानीय मेलों में विभागीय स्टालों को लगवाकर बिक्री की जायेगी। इस मौके पर प्रधान साटागाढ़ बिनिता देवी, पूर्व प्रधान उर्मिला देवी, अमित भट्ट, लाखीराम, बाला देवी आदि मौजूद रहे।

# भवनों की संरचना में परिवर्तन से गायब हो रही गौरैया : सेठी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। उत्तराखंड संस्कृत विवि में गौरैया दिवस पर पक्षी वैज्ञानिक डॉ. विनय सेठी ने बताया कि भारतीय जीवनशैली से जुड़ी हुई गौरैया का जीवन खतरे में है। मानव जीवन की सुरक्षा पर भी इससे प्रश्नचिह्न उठने स्वाभाविक हैं। डॉ. सेठी ने बताया कि भवन एवं इमारतों की संरचना में हो रहे परिवर्तन के चलते गौरैया को घोंसले बनाने के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, यद्यपि इस समस्या को लकड़ी के कृत्रिम घोसले उपलब्ध कराकर दूर किया जा सकता है। आज इस दिशा में समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता है। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. दिनेशचन्द्र शास्त्री ने कहा कि आज गौरैया संरक्षण को लेकर जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। मनुष्य ने विकास तो किया है परंतु इस अविवेकपूर्ण विकास के चलते प्रकृति का जैविक संतुलन गड़बड़ा गया है। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. कामाख्या कुमार ने गौरैया की घटती संख्या पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि आज गौरैया संरक्षण अंतरराष्ट्रीय समस्या बन गई है। इसके संरक्षण के लिए तत्काल कार्य किए जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में प्रो. दिनेश चमोला, डॉ. शैलेश तिवारी, डॉ. अरविंद नारायण मिश्र, डॉ. सुमन भट्ट, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. प्रतिभा शुक्ला, डॉ. दामोदर परगाई, डॉ. लक्ष्मी नारायण जोशी, डॉ. सुशील उपाध्याय, डॉ. अरुण मिश्रा, मनोज गहतोड़ी आदि उपस्थित रहे।

## लोयल गांव के ग्रामीणों को जागरुक किया

नई टिहरी। राजकीय महाविद्यालय पावकी देवी की धूम्रपान निषेध समिति ने धूम्रपान छोडऩे हेतु ग्रामीणों को गोष्ठी के माध्यम से प्रेरित किया। उन्होंने कहा सरकार की ओर से उत्तराखंड को नशा मुक्त किये जाने हेतु विभिन्न माध्यमों से अभियान चलाया जा रहा है। समिति के सदस्य डॉ. गुंजन जैन और डॉ. संजय कुमार के नेतृत्व में पावकी देवी के ग्राम लोयल में छात्रों ने ग्रामीणों को धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। समिति सदस्यों ने कहा कि धुम्रपान करने से जहां स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकुल प्रभाव पड़ता है, वहीं सामाजिक वातावरण खराब होता है, साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. छाया चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार की ओर से चलाई जा रही मुहिम तभी कारगर साबित होती है, जब लोग इसका पालन करें और मुहिम को आगे बढ़ाये। मौके पर डॉ.तनुआर बाली, डॉ. रेखा सिंह, छोटी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# बिना ठोस कारण मरीजों को न करें रेफर : डॉ. पंत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढ़वाल। राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. एमके पंत ने मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों एवं डॉक्टरों के साथ बैठक की। इस मौके पर उन्होंने डॉक्टरों को मरीजों को बिना ठोस कारण के रेफर न करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने अस्पलाल के चिकित्सकों को आकस्मिक विभाग की सेवाओं पर विशेष ध्यान देने व उपस्थित रहने को कहा। कहा कि बेस चिकित्सालय में व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखने के लिए मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की ओर से विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसलिए यहां इंफ्रास्ट्रक्चर, मानव संसाधन व मशीनों की समुचित व्यवस्थाएं की गई है। डॉ. पंत ने कहा कि तमाम संसाधनों एवं फैकल्टी की बेहतर सुविधा होने पर मरीजों को भी पूरी सुविधा मिलनी चाहिए। साथ ही इमरजेंसी विभाग में आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधा मिले इसके लिए वरिष्ठ चिकित्सकों का उपस्थित रहना जरूरी है। बैठक में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत, एमएस डॉ. रविंद्र बिष्ट, डॉ. व्यास राठौर, डॉ. अजेय विक्रम, डॉ. केएस बुटोला, डॉ. डीके टम्टा, डॉ. विनीता रावत, डॉ. गजाला रिजवी, डॉ. किंगशुक लाहौन, डॉ. अनिल द्विवेदी, डॉ. ललित पाठक सहित संकाय सदस्य मौजूद रहे।

## 2025 तक उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाना लक्ष्य: कैंतुरा

श्रीनगर गढ़वाल। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंतुरा ने कहा कि धारी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट सराहनीय है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को 2025 तक देश का श्रेष्ठ राज्य बनाना है। इस दृष्टि से यह बजट इसके लिए आइना है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास के ध्येय से प्रदेश को आगे बढ़ाने का कार्य सरकार कर रही है। इसी ध्येय से इस बजट में सभी वर्गों के हित शामिल किए गए हैं। आदिति स्मृति न्यास में पत्रकारों से बातचीत में कैंतुरा ने कहा कि सरकार द्वारा पेश किया गया बजट तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। राज्य तेजी से अपने संसाधनों को बेहतर ढंग से अर्जित कर रहा है। शिक्षा, खेल, युवा कल्याण के लिए बजट में पर्याप्त प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के लिए सबसे ज्यादा ध्यान बजट में दिया गया है। इस बजट से गांवों के विकास की तस्वीर बदलेगी। मौके पर पूर्व राज्य मंत्री अतर सिंह असवाल ने कहा कि सरकार ने बजट में जो प्रावधान किए हैं उससे विकास की बयार बहेगी। कहा सरकार का फोकस स्वरोजगार पर है। जिससे युवा नौकरी देने लायक बन सकें। मौके पर जितेंद्र रावत, दिनेश असवाल, गिरीश पैन्यूली, गो सेवा आयोग के सदस्य धर्मवीर गुसांई, डा. सुधीर जोशी, मोहन लाल जैन, गणेश भट्ट, गौरव नेगी आदि मौजूद रहे।

## निशुल्क शिक्षा देने की घोषणा

रुडक़ी। मदरहुड विश्वविद्यालय ने जोशीमठ की प्राकृतिक आपदा के पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की है। विश्वविद्यालय की प्रबंधन कमेटी और कुलपति ने जोशीमठ के आपदा प्रभावित क्षेत्र के उन विद्यार्थियों को शिक्षण सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय के विधि, वाणिज्य एवं प्रबंधन, एग्रीकल्चर, साइंसेज और कला संकाय में निशुल्क शिक्षा देने की घोषणा की है। दावा किया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन शिक्षा पूरी होने के बाद इन सभी विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट कराने में भी पूरी मदद करेगा। इस संबंध में एक पत्र मुख्य शिक्षा अधिकारी चमोली को 18 मार्च 2023 को सौंपा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हल्द्वानी में बारिश, 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरा पारा

हल्द्वानी। उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के बाद सोमवार सुबह से ही हल्द्वानी में बारिश शुरू हो गई। इससे अधिकतम तापमान पांच डिग्री तक गिर गया। लोगों को एक बार फिर से सर्दी का अहसास होने लगा। लोगों को एक बार फिर से गर्म कपड़े निकालने पड़ गए। कई दिनों से उत्तराखंड में बारिश का मौसम बन रहा था। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से इसे लेकर सोमवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था। पूरे प्रदेश में बारिश के आसार जताए गए थे। वहीं सोमवार सुबह से ही पूरे कुमाऊं में बारिश शुरू हो गई। लगातार बारिश जारी है। जिससे सुबह का अधिकत तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### सार्वजनिक स्थान पर गैस रिफिलिंग करने का आरोप

हल्द्वानी। काठगोदाम निवासी एक व्यक्ति ने कंपनी पर सार्वजनिक स्थान पर गैस रिफिलिंग करने का आरोप लगाया है। कहना है कि विरोध करने पर उनके साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस के मुताबिक इंदिरा कॉलानी निवासी अनिल कुमार का कहना है कि नैनीताल रोड स्थित एसबीआई के पास उनका प्रतिष्ठान है। वहीं पर एक कंपनी की ओर से गैस रिफिलिंग का कार्य किया जाता है। आरोप है कि कंपनी संचालक अशोक सक्सेना सार्वजनिक स्थान पर गैस रिफलिंग का कार्य करता है। साथ ही गैस रिफिलिंग के लिए मानकों का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। इसकी शिकायत अग्निशमन विभाग को भी की जा चुकी है। इससे बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नैनीताल बैंक में महिला कॉलेज को भेंट की स्टील बेंच

हल्द्वानी। कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत नैनीताल बैंक लिमिटेड की ओर से महिला महाविद्यालय हल्द्वानी को स्टील बेंच एवं सेनेटरी पैड डिस्पोजल मशीन प्रदान की गईं। सोमवार को कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी निखिल मोहन ने कहा कि बैंक हमेशा उत्तराखंड में अपनी सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करता आया है। प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित, मुख्य प्रबंधक राहुल प्रधान, क्षेत्रीय प्रबंधक उमेश चंद्र रुवाली, प्रबंधक राजेंद्र सिंह, शाखा प्रबंधक एमबीपीजी शाखा प्रखर पाटनी, भास्कर साह आदि रहे।

### सेंपल दिखाने के बहाने ज्वेलरी पर किया हाथ साफ

हल्द्वानी। शहर के दो नामी ज्वेलरी शोरूम में सैंपल दिखाने के बहाने शातिर चोरों ने ज्वेलरी पर हाथ साफ कर लिया। हल्द्वानी में एक ही दिन में हुई चोरी की दो बारदातों से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि, पीड़ितों की ओर से दी गई तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच शुरू करने की बात कही जा रही है। पुलिस के मुताबिक नैनीताल रोड स्थित तनिष्क ज्वेलर्स के प्रकाश जोशी ने तहरीर दी है। कहना है कि रविवार को एक व्यक्ति ज्वेलरी खरीदने के बहाने शोरूम पहुंचा। इस दौरान शातिर चोर सोने की बाली चुराकर फरार हो गया। वहीं, एमबीपीजी कॉलेज के पास बंसल ज्वैलर्स के ब्रांच हैड तरुण जैन का कहना है कि अज्ञात चोर ने सोने की अंगूठी पर हाथ साफ कर लिया। दोनों चोरियों की घटनाएं सीसीटीवी कैंमरे पर कैद हुई हैं। उन्होंने पुलिस से चोरियों का खुलासा करने की मांग की है। कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सीसीटीवी जांचे जा रहे हैं। जल्द चोरी का खुलासा कर लिया जाएगा।

### विकास में बाधा नहीं, सहयोग करे विपक्ष : बलराज पासी

हल्द्वानी। पूर्व सांसद बलराज पासी ने राज्य सरकार के बजट को ऐतिहासिक बताते हुए विपक्ष से विकास में बाधा न बनकर सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इससे प्रदेश में अभूतपूर्व विकास कार्य होंगे। भाजपा के कुमाऊं संभाग कार्यालय में सोमवार को पूर्व सांसद ने प्रदेश सरकार की खूबियां गिनाईं। कहा कि सरकार के बजट से पहाड़ों में स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत होने के साथ ही सडक़ों की स्थिति में सुधार आएगा। पर्यटन को लेकर नई संभावनाएं तलाशी जाएंगी। पलायन को रोकने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार पर जोर दिया गया है। सरकार ने मिशन एप्पल से लेकर उद्यान विभाग तक के लिए भारी भरकम बजट दिया है। युवा स्टार्टअप तैयार कर खुद का काम कर सकेंगे। बलराज पासी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी उत्तराखंड के विकास के लिए महत्वपूर्ण फैसले ले रहे हैं। हल्द्वानी में नर्सिंग कॉलेज और पैरा मेडिकल कॉलेज में संसाधनों के अभाव के सवाल पर उन्होंने यह मुद्दा मुख्यमंत्री के सामने रखने की बात कही। आईएसबीटी का निर्माण नहीं होने पर उन्होंने चिंता भी जताई। इस दौरान मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, भुवन भट्ट, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, सुरेश तिवारी आदि रहे।

### महिला से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में युवक गिरफ्तार

हरिद्वार। बहादराबाद थाना क्षेत्र की कॉलोनी में महिला के साथ छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। घटना बीती 18 मार्च की है। जब क्षेत्र की एक महिला अपने कॉलोनी में घूम रही थी। आरोप है कि इस दौरान एक युवक आया और महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगा। आरोप है कि महिला का आरोपी के पास फोटो थे। जिसको वह सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी। थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि रविवार को इब्राहिमपुर मोड़ के पास से रितिक उर्फ काका पुत्र बिजेन्द्र निवासी कोटा मुरादनगर थाना कलियर को गिरफ्तार किया है।

### विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर चीला रेंज में हुई कार्यशाला

हरिद्वार। विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर राजा जी टाइगर रिर्जव पार्क स्थित चीला रेंज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता बीएनएचएस के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. रजत भार्गव ने बताया कि विश्व में पक्षियों की 1340 प्रजातियां हैं। जिसमें से 180 प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। जिसमें गौरैया भी एक है। जिसको बचाने के लिए हम सभी को भागीदारी निभानी होगी।

# आजीविका संवद्र्धन में मददगार होंगे बांस-रिंगाल से बने उत्पाद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। मुख्यालय में वन पंचायत उत्तराखंड एवं सर्व कल्याण विकास समिति के सहयोग से सात दिवसीय बांस-रिंगाल हस्तशिल्प का निशुल्क प्रशिक्षण शुरू हो गया। इस मौके पर हैंडीक्राफ्ट बनाने से लेकर बांस से तैयार होने वाले कई चीजों के बारे में बताया जा रहा है। दि क्रिएटिव स्पेस, भीमराव अंबेडकर भवन बेलनी में विकास समिति (एसकेवीएस) की अध्यक्ष पूजा सेमवाल ने वन पंचायत उत्तराखंड की ओर से आयोजित बांस-रिंगाल हस्तशिल्प प्रशिक्षण के उद्घाटन अवसर पर कहा कि वर्तमान समय में बांस-रिंगाल से कई तरह से रोजगार पैदा किया जा सकता है। बांस की खेती, साजो सज्जा का सामान तैयार कर, हैंडीक्राफ्ट बनाने से लेकर अन्य कई कार्यों के जरिए बांस को बेहतर आजीविका का साधन बनाया जा सकता है। जबकि बांस-रिंगाल प्लास्टिक के बड़े विकल्प के तौर पर भी तैयार हो रहा है। घर में इस्तेमाल होने वाला 80 फीसदी सामान बांस एवं रिंगाल से बनाया जा सकता है।



उन्होंने कहा कि समिति के सहयोग से विभिन्न ग्राम पंचायतों में समय-समय पर निशुल्क 'बांस-रिंगाल हस्तशिल्प' प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाजारों में बांस- रिंगाल के उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। विशेष तौर पर फर्नीचर, लैंप शेड, क्रॉकरी सहित अन्य घरेलू उत्पादों को लोग काफी पंसद कर रहे हैं। बांस से बना समान सस्ता होने के साथ टिकाऊ भी है। प्रशिक्षण दे रहे मास्टर ट्रेनर प्रेम लाल ने अपना प्रशिक्षुओं के सम्मुख अपने अनुभव साझा किए। कहा कि में बांस आजीविका का एक बेहतर विकल्प बन सकता है। उन्होंने सभी लोग से प्लास्टिक का इस्तेमाल छोड़ इको फ्रेंडली समान उपयोग करने की अपील की। प्रशिक्षण के पहले दिन मास्टर ट्रेनर प्रेम लाल ने प्रशिक्षण में शामिल लोग को बांस एवं रिंगाल से के पौधे की पहचान, पुराने एवं नए बांस की पहचान करना, हैंडीक्राफ्ट या अन्य उत्पाद बनाने के लिए कैसे उचित बांस एवं रिंगाल का चयन किया जाए इसकी जानकारी दी। इस मौके पर समिति के सदस्य नवदीप शाह, आशा नेगी, किरण नेगी, सपना, शिवानी, दिव्या आदि मौजूद थे।

# शहरीकरण से विलुप्त होती जा रही गौरेया : श्रीमहंत रविंद्र पुरी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। एसएमजेएन पीजी कॉलेज में विश्व गौरेया दिवस पर आयोजित जन जागरुकता कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने कहा कि गौरेया प्रायः विलुप्त सी हो गयी है। शहरीकरण और पेड़ों के कटने से गौरेया अब घरों के आंगन में देखने को भी नहीं मिलती है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि गौरेया मात्र एक पक्षी नहीं बल्कि मानव सभ्यता और संस्कृति का भी प्रतीक है। पर्यावरण प्रदूषण, शहरीकरण और वनों के विनाश से इसकी संख्या लगातार कम होती जा रही है। जो न केवल मानव समाज बल्कि पर्यावरण के लिए भी एक गम्भीर संकट है। आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी ने कहा कि गौरेया संरक्षण का प्रयास होना महाविद्यालय के सामाजिक और पर्यावरण के क्षेत्र में तत्परता को दर्शाता है। डॉ. विजय शर्मा ने कहा कि पर्यावरण प्रकोष्ठ निरन्तर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयासरत है। पिछले तीन वर्षों में महाविद्यालय सहित 300 से अधिक घरों में गौरेया के संरक्षण के लिए घोसलें लगवाये गये हैं। कॉलेज में पर्यावरण प्रकोष्ठ के छात्र-



छात्राओं गौरव बंसल, अंशिका, आरती असवाल, मानसी वर्मा और रिया आदि ने नन्हीं सी चिडिया- मैं हूँ, गौरेया गीत पर एक नाटकीय प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विनय थपलियाल, डॉ. मोना शर्मा, डॉ. विनीता चौहान, डॉ. मिनाक्षी शर्मा, डॉ. रश्मि डोभाल, डॉ. रजनी सिंघल, डॉ. पल्लवी, डॉ. सरोज शर्मा, डॉ. रेनू सिंह, डॉ. अमिता मल्होत्रा, नेहा गुप्ता, डॉ. सुरभि प्रधान, प्रिंस श्रोत्रिय मौजूद रहे।

# यात्रा सीजन के लिए पर्यटन पुलिस का प्रशिक्षण शुरू

हरिद्वार। यात्रा सीजन के दौरान ड्यूटी करने वाले पर्यटन पुलिसकर्मियों का सशस्त्र प्रशिक्षण केन्द्र में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। पहले दिन सुबह के सत्र में देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से आये योग प्रशिक्षकों योगाचार्य विक्की एवं युधिष्ठिर शर्मा ने प्रशिक्षुओं को योग का अभ्यास कराया। संस्थान की उप प्रधानाचार्य अरुणा भारती ने दोनों योगाचार्यों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया। गेस्ट लेक्चर्र के तौर पर पहुंची सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रश्मि पंत ने प्रशिक्षुओं को यातायात सम्बन्धित नियमों, कानूनों एवं विभिन्न प्रकार की परमिट आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी। सैन्य सहायक मोहन लाल ने आगामी यात्रा सीजन में पर्यटकों के साथ मधुर व्यवहार करने एवं उनकी यथा संभव हर तरह की सहायता कर उत्तराखण्ड पुलिस एवं उत्तराखण्ड की छवि को उज्ज्वल बनाने के सम्बन्ध में बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से आये 82 पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन एवं प्रबन्धन सशस्त्र प्रशिक्षण केन्द्र हरिद्वार के प्रभारी निरीक्षक संजय चौहान, प्रतिसार निरीक्षक नरेश जखमोला, एचडीआई संन्दीप नेगी, राजेन्द्र प्रसाद लखेड़ा आदि ने किया।

# सीओ ने किया थाने का अद्र्धवार्षिक निरीक्षण

नई टिहरी। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर ने थाना घनसाली का अद्र्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस मौके पर सीओ ने थाना परिसर में साफ-सफाई, कार्यालय, मालखाना, हवालात का जायजा लेते हुए दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने थाना में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याएं सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई की बात कही। सोमवार को थाना घनसाली पहुंचे सीओ सदर एसपी बलूनी ने भोजनालय, बैरक, आगंतुक कक्ष, महिला एवं शिशु कल्याण पटल, सीसीटीएनएस कक्ष, थाना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ ने थाने में रखे अस्लाहों एवं आपदा संबंधी उपकरणों का भौतिक रूप से करते हुए आपदा उपकरणों के सम्बंध में कर्मचारियों से जानकारी ली।

## सडक़ों के लिए धन स्वीकृत होने पर आभार जताया

चमोली। प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना के अंतगर्त गैरसैंण विकासखंड में तीन मोटर मार्गों को फेस तीन में सडक़ डामरीकरण एवं मरम्मत के लिए धन स्वीकृत हुआ है। इन सडक़ों के सुधारीकरण की जनता लम्बे समय से मांग कर रही थी। अब इनके मरम्मत एवं डामरीकरण से लोगों की यात्रा सुगम होगी। मिली जानकारी के अनुसार बाटाधार- धुनारघाट 26.200 किमी, गैरसैंण - पज्याणा - रोहिड़ा 17.975 किमी व खजूरखाल-भंडारीखोड़- कूनीगाड़ 17.372 किमी शामिल हैं। सडक़ों के लिए धनराशि स्वीकृत होने पर क्षेत्रीय जनता के साथ ही भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हीरा सिंह फनियाल, नगर मंडल अध्यक्ष कस्तूरा देवी आदि पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय सांसद तीरथ सिंह रावत का आभार व्यक्त किया है।

# डीएम अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय टीबी फोरम की बैठक

हरिद्वार। जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टीबी फोरम की बैठक हुई। जिलाधिकारी को जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. आरके सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभिन्न रोगों के निदान में अब तक की गयी कार्रवाई के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में निरन्तर पोषण किटों का वितरण किया जा रहा है।

इसके अतिरक्ति जन-प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, कोआपरेटिव, कारपोरेट जगत द्वारा समय-समय पर टीबी के मरीजों को गोद लिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी को समूल नष्ट करने के लिये हम सभी को टीबी मुक्त अभियान के तहत वर्ष 2025 तक पूरे भारत को टीबी मुक्त बनाने में अपनी-अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी से पूरा करना होगा।

# संक्षप्ति खबरें

## आज होगा इकबालपुर चेयरमैन का चुनाव

रुडक़ी। गन्ना विकास परिषद इकबालपुर में चेयरमैन का चुनाव नौ साल के लंबे इंतजार के बाद आज संपन्न होगा। गन्ना विकास परिषद इकबालपुर में अंतिम मतदाता सूची पूरी हो गई है। चुनाव प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू होकर देर शाम तक पूरी होगी। एससीडीआई प्रदीप वर्मा ने बताया कि 21 मार्च को परिषद का चुनाव संपन्न होना है। इसमें अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद इन पर आपत्तियां मांगी जाएगी। सुबह 11:30 से नामांकन पत्रों की बिक्री और 12:00 बजे नामांकन पत्रों को दाखिल किया जाएगा। इसके बाद वैध पाए गए नामांकन पत्रों की सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। साथ ही, आपत्तियां और उनका निस्तारण किया जाएगा। वहीं, दोपहर 2:00 बजे नाम वापसी तथा शाम 4:00 बजे चुनाव चिन्ह आवंटित कर, 4:30 बजे मतदान और इसके तुरंत बाद परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

## किसान संगठन ने चलाया सदस्यता अभियान

रुडक़ी। किसान मजदूर संगठन सोसायटी की ओर से सदस्यता अभियान के तहत ऋषि हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल स्थित पिरान कलियर में एक बैठक की गई। इसमें अस्पताल संचालक डॉ. गौरव कश्यप ने अपने साथियों के साथ संगठन की सदस्यता ग्रहण की। महक सिंह सैनी ने कहा कि संगठन ने सदस्यता का जो लक्ष्य तय किया है। उसमें लोगों की ओर से ली जा रही सदस्यता से पता चलता है कि निर्धारित लक्ष्य से अधिक संख्या में लोग सदस्यता लेने जा रहे हैं। अपनी समस्या के समाधान के लिए लोग संगठित होकर संगठन में सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। बैठक में देवराज, राजेंद्र, कृष्ण, धूम सिंह सैनी, अनिल कुमार सती, हेमा भंडारी, हरीश सैनी, आदेश सैनी सम्राट और दिनेश सैनी आदि मौजूद रहे।

## भाकियू पटेल गुट व एसडीएम की वार्ता में नहीं बनी सहमति

रुडक़ी। भाकियू पटेल गुट के नेताओं को एसडीएम ने कार्यालय में बुलाकर उनसे वार्ता की। पदाधिकारियों ने उन्हें अपनी 12 मांगों के बारे में बताया लेकिन इनके समाधान को लेकर कोई सहमति नहीं बन सकी। यूनियन ने मंगलवार को तहसील मुख्यालय में धरने को लेकर अडिग है। भाकूिय पटेल गुट के नेताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 21 मार्च को तहसील मुख्यालय का घेराव करने और धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है। एसडीएम गोपालराम बिनवाल ने यूनियन के प्रतिनिधिमंडल को कार्यालय बुलवाया और आंदोलन को लेकर चर्चा की। पदाधिकारियों ने उन्हें अपनी 12 मांगों को लेकर जानकारी दी। एसडीएम ने इनमें से अधिकांश को नीतिगत बताया। उन्होंने कहा कि इस पर कैबिनेट या विधानसभा ही फैसला ले सकती है। लिहाजा आंदोलन स्थगित को लेकर सहमति नहीं बनी।

## दहेज उत्पीडऩ में सात लोगों पर मुकदमा

रुडक़ी। दहेज उत्पीडऩ के आरोप में विवाहिता ने सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। नगर के मोहल्ला किला निवासी विवाहिता ने तहरीर देकर बताया कि 2017 में मुंबई निवासी आरिफ खान से निकाह हुआ था। निकाह के बाद से ही ससुराल पक्ष दान दहेज कम बताकर कार और 35 लाख रुपये नकद की मांग करने लगे। विवाद बढऩे पर मामला महिला हेल्पलाइन पहुंचा। आरोप है कि 12 अगस्त 2022 को पति के साथ मंगलौर पहुंची तो दहेज मांगा। मना करने पर पति गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने आरिफ खान, यूनुस, शकीला, आसिफ खान, फिरदौस, आतिफ और साकिब निवासी गोरेगांव वेस्ट मुंबई के खिलाफ दहेज उत्पीडऩ समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

## बारिश के चलते बाजार में पसरा सन्नाटा

रुडक़ी। सोमवार को बारिश के चलते बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। बारिश के चलते लोग भी घरों से बाहर नहीं निकले। सोमवार सुबह हुई बारिश से आम जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। धनौरी में जगह-जगह जल भराव देखने को भी मिला। कुछ आवश्यक सामग्री की दुकानें दिन में खुली रहीं। सडक़ों पर सामान्य दिनों की अपेक्षा बहुत कम ही आवाजाही दिखाई दी। बारिश से जहां क्षेत्र का तापमान लुढक़ा। वहीं, दुकानदार भी ग्राहक नहीं होने के कारण मायूस नजर आए। बेमौसम हो रही बारिश ने फसलों पर असर डाला है। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. पुरुषोत्तम ने बताया कि इस बारिश से आम की फसल प्रभावित होगी, जबकि गेंहू की फसल के लिए यह बारिश अनुकूल है।

## समाज के युवा प्रशासनिक तैयारी पर दें ध्यान : ब्रह्मपाल

रुडक़ी। ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ उत्तराखंड की ओर से एक कार्यक्रम नगर पंचायत इमलीखेड़ा में आयोजित किया गया। जिले के विभिन्न गांव के लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ धनकर वंशीय लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के चित्र के सामने दीप जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में धनकर समाज के सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षिक आदि विषय पर चर्चा कर संवैधानिक अधिकारों को मिलने में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए विचार विमर्श कर आगे की रणनीति तय की गई। धनकर समाज के प्रदेश अध्यक्ष ब्रह्मपाल सिंह ने कहा कि धनकर समाज के बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ प्रशासनिक तैयारी करने पर जोर देना चाहिए। समाज के उत्थान के लिए सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। कहा कि धनकर गांव और हर घर में देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा और धनकर निवास की प्लेट लगाए।

## सिमली में आयोजित हुई भाजपा की बैठक

श्रीनगर गढ़वाल। सिमली में आयोजित नगर भाजपा की बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि अमृतकाल का विकास नए आयाम स्थापित कर रहा है। बैठक में नगर अध्यक्ष सुभाष चमोली, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र डिमरी, महामंत्री चेतन मनोड़ी एवं देवेंद्र नेगी, पूर्व जिपंस लक्ष्मी जोशी, मनोरमा नैनवाल, शशि खंडूड़ी, मधु रावत, लक्ष्मी देवली, आशा डिमरी, चंदा राणा, सरोज हटवाल कल्पना डिमरी, कृष्णा सेमवाल, रुद्रा देवी, समुद्रा देवी, मंजू मैखुरी, भरत बिष्ट, दिगंबर नेगी, संजय डिमरी, आदि मौजूद थे।

## बौराड़ी में शक्ति केंद्र बैठक का आयोजन

नई टिहरी। नई टिहरी के बौराड़ी स्थित शक्ति केंद्र की बैठक में भाजपा पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के भाषण को पढक़र कार्यकर्ताओं इसकी जानकारी दी। पार्टी के चार पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रपति के भाषण को पढ़ा गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विजय कठैत ने कार्यकर्ताओं को केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, महिला सशक्तिकरण एंव महिला स्वरोजगार की जानकारी दी। मौके पर मंडलध्यक्ष गोपीराम चमोली, उर्मिला राणा, सुंदरलाल उनियाल, अनुसूया नौटियाल, पवन शाह, लीला मखलोगा, लक्ष्मी रावत सहित कई लोग मौजूद थे।

# बजट से धामी सरकार की सशक्त उत्तराखंड बनाने की प्रतिबद्धता में सफलता मिलेगी : अग्रवाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। वित्तमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि गैरसैंण विधानसभा में पेश किया गया बजट इंद्रधनुषी है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी के मंत्र रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म को आधार बनाया गया है। इस बजट से धामी सरकार की सशक्त उत्तराखंड बनाने की प्रतिबद्धता में सफलता मिलेगी। सोमवार को ग्रामसभा भट्टोवाला में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ काम कर रही है। इसी को ध्यान में रखकर बजट बनाया बना है। उत्तराखंड देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां युवाओं के हित के लिए धामी सरकार ने सख्त नकल विरोधी कानून बनाया है। महिलाओं



को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देकर सरकार ने मातृ शक्ति का मान बढ़ाया है। यह दोनों विधेयक सदन के भीतर पास हुए हैं। कहा कि देश का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 सम्मेलन यहां हो रहा है। जी-20 की तीन बैठकें उत्तराखंड में आयोजित होंगी।

इस दौरान उन्होंने भट्टोवाला में 15 लाख रुपये की विधायक निधि विकास कार्यों के लिए देने की घोषणा की। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश पयाल, मंडल प्रभारी उषा कोठारी, जिला मंत्री पुष्पा ध्यानी, समाजसेवी मानवेन्द्र कंडारी, प्रधान दीपा राणा, मंडल उपाध्यक्ष श्यामपुर सतपाल राणा, संजय राणा, हरपाल राणा, संजय पोखरियाल, प्रधान चमन पोखरियाल, कुसुम रमोला, अर्चना व्यास, आशा रावत, उर्मिला, संतोषी राणा, सीमा रमोला, शकुंतला पोखरियाल, भूमीश्वरी सकलानी, ध्रुव सिंह राणा आदि उपस्थित रहे।

# एरियर के लिए भटक रहे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी

पौड़ी। सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मचारियों ने एरियर के भुगतान की मांग को लेकर सीएमओ कायार्लय परिसर में नारेबाजी की। सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मचारी एरियर का भुगतान नहीं होने से आक्रोशित हैं। इन कर्मचारियों का कहना है कि वर्ष 1995 से 2010 तक के एरियर का भुगतान आज तक नहीं हो पाया है। कर्मचारियों ने एरियर का भुगतान नहीं किए जाने पर अनशन किए जाने की चेतावनी भी दी। सोमवार को सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन की अध्यक्ष गणेशी नेगी के नेतृत्व में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने सीएमओ कार्यालय परिसर में सांकेतिक धरना दिया। उन्होंने बताया कि जनपद पौड़ी में 200 से अधिक सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कार्मिक हैं, जिन्हें वर्ष 1995 से वर्ष 2010 तक के एरियर का भुगतान नहीं हो पाया है। कहा सरकार की बेरुखी से परेशान सेवानिवृत्त कर्मचारियों को हाईकोर्ट जाना पड़ा। हाईकोर्ट की सिंगल व डबल बैंच ने प्रदेश सरकार को जल्द से जल्द एरियर का भुगतान किए जाने का आदेश दिया था। अध्यक्ष नेगी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने मामले को सुप्रीमकोर्ट में चुनौती दी। लेकिन देश के सर्वोच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य कार्मिको के हित में फैसला सुनाते हुए एरियर के भुगतान का आदेश दिया। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 1995 से अक्तूबर 2000 तक के एरियर का भुगतान उत्तर प्रदेश सरकार और नवंबर 2000 से वर्ष 2010 तक का भुगतान उत्तराखंड सरकार को करने का आदेश दिया है। बताया कि यूपी सरकार प्रदेश सरकार को एरियर का भुगतान कर चुकी है। कहा जनवरी 2023 में प्रदेश के स्वास्थ्य महानिदेशक ने समस्त जिले के मुख्य चिकित्साधिकारियों को एरियर के भुगतान के निर्देश दिए हैं, लेकिन पौड़ी में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से आज तक भुगतान नहीं हो पाया है। कोषाध्यक्ष मुन्नी देवी ने कहा कि सेवानिवृत्त ?ि के बाद भी कार्मिको को अपने अधिकारों के लिए प्रदर्शन करना पड़ रहा है। कहा एरियर का भुगतान जल्द नहीं होने पर अनशन तक किया जाएगा।

## संपादकीय

# राहुल गांधी का महत्व बढ़ाती भाजपा

साहित्यकार ऑस्कर वाइल्ड ने कहा था कि अपने बारे में चर्चा होने से अधिक खराब केवल एक ही बात हो सकती है और वह है अपने बारे में चर्चा नहीं होना. भाजपा ऐसे दल के रूप में दिखना चाहती है कि उसकी कथनी और करनी में कोई भेद नहीं है. राहुल गांधी अपनी पार्टी के प्रसार के लिए अपनी यात्रा के बारे में बात करना पसंद करते हैं. कश्मीर से कन्याकुमारी तक की अपनी यात्रा से वे चर्चा में आये और इसका श्रेय भाजपा की आक्रामक राजनीति को है. हाल में लंदन में दिये गये भारतीय लोकतंत्र के खात्मे के बारे में उनके बयान के बाद केसरिया खेमा चीख-चीख कर उन पर राजद्रोह का आरोप लगा रहा है. राहुल गांधी ने लंदन में कहा था कि यह हमारी समस्या (मोदी के अंतर्गत लोकतांत्रिक संस्थाओं का ह्रास) है, यह आंतरिक समस्या है और देश के भीतर से ही इसका समाधान निकलेगा, बाहर से नहीं. आगे उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र वैश्विक हित में है और उसका असर हमारी सीमाओं से परे भी होता है. अगर इसका पतन होता है, तो धरती पर लोकतंत्र को बड़ा घातक झटका लगेगा. इसलिए, उन्होंने अपने श्रोताओं से कहा, यह उनके लिए भी महत्वपूर्ण है और इससे उन्हें आगाह रहना चाहिए. चर्चा के केंद्र में आने से किसी राजनेता के अहम को सबसे अधिक तुष्टि मिलती है. भले ही राहुल गांधी को देश में गंभीर श्रोता न मिलते हों, पर उन्हें भाषण के लिए लंदन का चयन नहीं करना चाहिए था. जैसी उम्मीद थी, संसद की शुरुआत शोर-शराबे से हुई. आम तौर पर व्यक्ति-आधारित राजनीति से परहेज रखने वाले पुरानी शैली के नेता राजनाथ सिंह पहला शब्द वाण फेंका- 'इस संसद के सदस्य राहुल गांधी ने लंदन में भारत का अपमान किया है. मेरा निवेदन है कि सभी सदस्य उनके भाषण की निंदा करें और राहुल गांधी को देश से माफी मांगने को कहें.' सिंह की आवाज में कई मंत्रियों और पार्टी सांसदों ने आवाज मिलायी और राहुल गांधी को एक भारत-विरोधी अराजकतावादी के रूप में प्रस्तुत किया गया, जो मोदी के नेतृत्व में भारत के विकास को नकार रहा है. भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी राहुल गांधी को भारत-विरोधी टूल किट का स्थायी हिस्सा बताया. इसकी प्रतिक्रिया में कांग्रेस ने भाजपा और मोदी के विदेश में दिये बयानों का हवाला दिया, जिनमें भारतीय नेताओं और दलों पर अपमानजनक बातें कही गयी थीं.

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# बांध से गंगा आरती के लिए पानी न छोडऩे पर भडक़े

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर जल विद्युत परियोजना के बांध से शारदानाथ घाट तक पर्याप्त मात्रा में पानी न छोड़े जाने पर गंगा आरती समिति व स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया है। इस संदर्भ में यहां गंगा आरती समिति की बैठक में कंपनी की मनमानी पर कड़ी आपत्ति दर्ज की गई। कहा पानी न छोड़े जाने से गंगा आरती में बड़ी दिक्कतें हो रही हैं। यहां पर नदी का प्रवाह सुचारु न होने से गंदगी हो रही है। उन्होंने कहा यदि कंपनी ने पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं छोड़ा तो गंगा आरती समिति और महिलाओं को उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। बैठक में गंगा आरती समिति के अध्यक्ष प्रेमबल्लभ नैथानी ने कहा कि कंपनी की मनमानी के कारण 13 फरवरी को भव्य शारदानाथ घाट(गंगा आरती घाट) के लोकार्पण के दिन भी पानी नहीं छोड़ा गया। कहा इस पूरे मामले में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत को भी पत्र भेजकर अवगत कराया गया है। कहा पांच किमी. के दायरे में पूरी अलकनंदा तालाब में तब्दील कर दी गई है। जिससे लोगों को आचमन के लिए भी शुद्ध पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है।

# बांध से गंगा आरती के लिए पानी न छोडऩे पर भडक़े

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर जल विद्युत परियोजना के बांध से शारदानाथ घाट तक पर्याप्त मात्रा में पानी न छोड़े जाने पर गंगा आरती समिति व स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया है। इस संदर्भ में यहां गंगा आरती समिति की बैठक में कंपनी की मनमानी पर कड़ी आपत्ति दर्ज की गई। कहा पानी न छोड़े जाने से गंगा आरती में बड़ी दिक्कतें हो रही हैं। यहां पर नदी का प्रवाह सुचारु न होने से गंदगी हो रही है। उन्होंने कहा यदि कंपनी ने पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं छोड़ा तो गंगा आरती समिति और महिलाओं को उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। बैठक में गंगा आरती समिति के अध्यक्ष प्रेमबल्लभ नैथानी ने कहा कि कंपनी की मनमानी के कारण 13 फरवरी को भव्य शारदानाथ घाट(गंगा आरती घाट) के लोकार्पण के दिन भी पानी नहीं छोड़ा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### काश्तकारों को दिया जड़ी-बूटी का प्रशिक्षण

चमोली। नीती घाटी के कई ग्रामीणों के काश्तकारों ने जड़ी-बूटी शोध संस्थान मंडल में विभिन्न औषधीय पौधों के बारे में जानकारी हासिल की। साथ ही उन्हें विपणन और बाजार की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी गई। नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क वन प्रभाग जोशीमठ की ओर से लाता-तपोवन कैट प्लान के तहत विभिन्न गांवों के काश्तकारों को जड़ी-बूटी शोध संस्थान मंडल का सात दिवसीय भ्रमण कराया गया। जिसमें नीती, गमशाली, मेहरगांव और मलारी के काश्तकार शामिल रहे। काश्तकारों को कूट, अतीश, कुटकी, जीरा, काला जीरा, फरण, डौलू, चौरू आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि भविष्य में इसकी अपार संभावनाएं हैं। समापन कार्यक्रम के दौरान मुख्य वन संरक्षक नंदा देवी वायोस्फियर रिवर्ज गोपेश्वर के निशांत वर्मा, नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के उपवन संरक्षक वीपी मार्तोलिया, जड़ी-बूटी शोध संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सीपी कुडियाल, वैज्ञानिक डॉ. अरविंद भंडारी, कार्यक्रम के सह आयोजक नीती माणा औद्योगिक सांस्कृतिक व खेल विकास समिति के सचिव धीरेंद्र गरोडिया आदि मौजूद रहे।

### जल जीवन मिशन की हुई समीक्षा बैठक

पौड़ी। जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में पेयजल निगम, जल संस्थान व संबंधित अफसरो को लक्ष्य के सापेक्ष शेष कार्यो को इसी माह 28 मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि जिन कार्यों के टेंडर व रिटेंडर होने हैं उन्हें भी समय पर पूरा कर लिया जाए। सोमवार को आयोजित बैठक में डीएम डा.आशीष चौहान ने बताया कि जल संस्थान पौड़ी, कोटद्वार व जल निगम श्रीनगर व कोटद्वार को इसी माह मार्च तक पेयजल कनेक्शनों के 18644 का लक्ष्य दिया था, जिसमें 17805 कार्य पूर्ण हो चुका है। डीएम ने स्कूलों, पंचायत घरों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, सामुदायिक शौचालयों, अस्पतालों, पटवारी चौकी आदि में शेष कार्यो की प्रगति बढ़ाते हुए जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीएम ने सीडीओ को जल जीवन मिशन योजना के तहत लग रहे पेयजल कनेक्शनों का सही डेटा संबंधित विभागों से लेंने व उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कहा कि जिन स्कूलों में पेयजल कनेक्शन लगने हैं वहां तत्काल कनेक्शन लगा दिए जाए। कहा कि जिस विभाग की पेयजल संयोजन की प्रगति संतोषजनक नहीं रहेगी, उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक में सीडीओ अपूर्वा पांडे, अधीक्षण अभियंता पेजयल निगम संजय सिंह, सीईओ डा. आनंद भारद्वाज, अधिशासी अभियंता जल संस्थान कोटद्वार, संतोष उपाध्याय आदि शामिल थे।

### थलीसैंण कॉलेज में नमामि गंगे पखवाड़ा शुरू

पौड़ी। डिग्री कॉलेज थलीसैंण में सोमवार को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के शुरू हो गया। इसके तहत गंगा स्वच्छता शपथ और गंगा स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई। डिग्री कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने कहा कि गंगा को स्वच्छ बनाना एक सामुदायिक प्रयास है, हमें इस समुदायिक प्रयास में अपनी सहभागिता निभानी होगी। न केवल गंगा बल्कि अन्य नदियों व आस-पड़ोस में भी कूड़ा इधर- उधर न फेंककर उसे सही तरीके से निस्तारित करना चाहिए। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय मजरा महादेव के प्राचार्य डॉ के सी दुतपुड़ी, लोनिवि के सहायक अभियंता सुशील कुमार, महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रही। संचालन नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ. विवेक रावत ने किया।

### पीआरडी जवानों ने साल में तीन सौ दिन रोजगार मांगा

पौड़ी। प्रांतीय रक्षक दल एवं स्वयंसेवक संगठन की बैठक में प्रशिक्षित पीआरडी जवानों को साल में तीन सौ दिन का रोजगार दिए जाने की मांग उठाई गई। अप्रशिक्षित पीआरडी जवानों को अभी तक नहीं हटाए जाने पर भी संगठन ने कड़ी नाराजगी जताई। सोमवार को जिला पंचायत के पुराने सभागार में आयोजित बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम भारती ने कहा कि सरकार ने साल में प्रशिक्षित पीआरडी जवानों को 300 का दिन का रोजगार दिए जाने की घोषणा की थी लेकिन इस घोषणा पर कोई अमल नहीं किया जा रहा है। जिससे प्रशिक्षित पीआरडी जवानों को रोजगार के लिए दर दर की ठोकरे खानी पड़ रही है और जवानों में नाराजगी बनी हुई है। कहा कि कई विभागों में अप्रशिक्षित पीआरडी जवान ड्यूटी दे रहे हैं और प्रशिक्षित पीआरडी जवान रोजगार के लिए ठोकरे खा रहे हैं। इस दौरान प्रशिक्षित पीआरडी जवानों ने सभी विभागों में रोटेशन के आधार पर ड्यूटी देने, अप्रशिक्षित पीआरडी जवानों को हटाते हुए प्रशिक्षित पीआरडी जवानों को ड्यूटी देने की मांग उठाई। बैठक में मौजूद मुख्य अतिथि प्रभारी युवा कल्याण अधिकारी नरेश रावत ने संगठन को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में संगठन के जिला उपाध्यक्ष पंकज आर्य, सचिव महाराज, महासचिव अनूप कुमार, राजेंद्र सिंह, शोभा, दीपक आदि शामिल रहे।

### जिला प्रशासन के अधिग्रहण में रहेगा पर्यटन गृह आवास

पौड़ी। रांसी स्टेडियम में निर्माणाधीन कार्य, पर्यटन गृह आवास रांसी और नए बस अड्डे का डीएम ने निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि जब तक पर्यटन गृह आवास हैंडओवर नहीं हो जाता तब तक यह जिला प्रशासन के अधिग्रहण में रहेगा। पर्यटन आवास में लगे कीमती सामान को कोई नुकसान न पहुंचे इसके लिए डीएम ने तहसीलदार को एक पीआरडी जवान तैनात करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम डा.आशीष चौहान ने रांसी स्टेडियम में चल रहे शेष कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने रांसी स्टेडियम के विस्तारीकरण के द्वितीय चरण में बनाए जा रहे स्पोर्ट्स हॉस्टल, इंडोर मल्टीपरपज स्टेडियम, वालीबॉल कोट और सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक का जायजा लिया। उन्होंने कार्यदाई संस्था को कार्य प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। पर्यटन गृह आवास का निरीक्षण करते हुए वहां फैली गंदगी व टूटे शीशे पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। इस मौके पर एसडीएम सदर आकाश जोशी, तहसीलदार यशवीर सिंह, उप राजस्व निरीक्षक कुलदीप रावत आदि शामिल थे।

### सीएम घोषणाएं के कार्य तय समय पर करे पूरे

पौड़ी। सीएम घोषणा संबंधी समीक्षा बैठक में डीएम ने अफसरो को तय समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि वन भूमि हस्तातंरण के मामलों को जल्द निपटाया जाए। बैठक में डीएम डॉ.आशीष चौहान ने कहा कि जो कार्य प्रगति पर हैं उनका कार्य तत्काल पूर्ण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी कार्यदाई संस्थाओं को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणा के कार्य निर्धारित तिथि तक पूर्ण करें। कहा कि जिन घोषणाओं में वन भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही होनी है उसे समय पर पूर्ण करना करें। इस मौके पर सीडीओ अपूर्वा पांडे, अधीक्षण अभियंता लोनिवि पीएस बृजवाल, अधीक्षण अभियंता पेयजल संजय सिंह, अधीक्षण अभियंता पेयजय संजय सिंह, अधिशासी अभियंता लैंसडाउन पीएस बिष्ट, दुगड्डा डीपी सिंह, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके राय आदि शामिल थे।

# बेमौसमी बारिश से गेंहू की खड़ी फसल को नुकसान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



रुद्रपुर। जिले में सोमवार को बेमौसमी बारिश होने से गेहूं की खड़ी फसलों को 15 से 20 फीसदी का नुकसान होने का अनुमान है। वहीं बारिश से जिले के तापामान में सात डिग्री तक की कमी आई है। इससे लोगों को एक बार फिर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ गया। मौसम वैज्ञानिकों ने मंगलवार को भी बारिश होने की संभावना जताई है। इससे कश्तकारों की चिंता बढ़ गई है। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि सोमवार को जिले में औसत 31.6 मिमी बारिश हुई। बारिश के चलते तापमान में सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस तक की कमी आई है। रविवार को जहां अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस था वहीं सोमवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश के चलते जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किसानों के मुताबिक गेहूं और लाही की फसल को 15 से 20 फीसदी तक नुकसान हुआ है।

खटीमा में 23.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। यहां गेहूं, लाही और आलू की फसल को 20 फीसदी तक का नुकसान हुआ है। किच्छा में दोपहर तक 12.50 मिमी बारिश हुई। बारिश ने गेहूं की फसल को जमीन पर लेटा दिया। इससे करीब 20 से 25 फीसदी का फसल का नुकसान होने का अनुमान है। लाही की फसल खेतों में कटी हुई पड़ी है। ऐसे में बारिश से खेतों में पानी भर गया और फसल बर्बाद हो गई। वहीं गन्ने के खेत में पानी भर जाने से छिलाई और निकासी नहीं हो पाएगी।

काशीपुर के कृषि विशेषज्ञ जितेंद्र कुमार ने बताया कि कई किसानों ने लाही की फसल काटकर खेतों में रखी हुई है। बारिश से उन्हें काफी नुकसान हुआ है। खड़ी फसल भी गिरने के आसार हैं। साथ ही गेहूं की फसल जो पककर तैयार है वह भी गिर सकती है, लेकिन जिन किसानों ने देर में बोये हैं उनकी फसलों के लिए यह बारिश फायदेमंद होगी। यदि लगातार बारिश ज्यादा समय तक हुई तो अधिक नुकसान होगा।

सोमवार सुबह से लगातार बारिश ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं के साथ बारिश से बालियों में आ चुकी गेहूं को धराशाई कर दिया। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि मंगलवार तक बारिश रहने की संभावना है। इसके बाद मौसम साफ रहेगा। इधर, लगातार हो रही बारिश से निचले खेतों में जलभराव की संभावना बढ़ गई है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि विगत वर्ष भी गेहूं की फसल बारिश की वजह से खराब हुई थी। इस बार गेहूं की अच्छी फसल की उम्मीद थी। इस समय गेहूं की बाली में दाना पड़ चुका है। फसल के गिरने से दाना बारीक होने का खतरा है। इससे गेहूं के उत्पादन में कमी आएगी। गेहूं की फसल गिरने से करीब 20 प्रतिशत का नुकसान हुआ है। साथ ही लाही की कटी फसल को नुकसान हुआ है। दोपहर 2 बजे तक गूलरभोज क्षेत्र में 12 मिमी बारिश हो चुकी है।

# घूमने आया था नव विवाहित जोड़ा, अचानक गायब हुई पत्नी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। ऋषिकेश में एक नव विवाहित जोड़ा घूमने आया। इस दौरान पत्नि- पत्नी और उसकी बहन वीडियो कॉल पर बात कर रहे थे, लेकिन तभी कुछ ऐसा हुआ कि सब हैरानी में पड़ गए। पत्नी की अचानक चीखने की आवाज आई और वह वहां से लापता हो गई। इसके बाद जो हुआ उसने सबको चौंका दिया।

दरअसल, लापता हुई फिरोजाबाद निवासी नव विवाहिता अपने घर पहुंच गई। नव विवाहिता के जीजा ने पुलिस को इसकी सूचना दी। जबकि पुलिस अब तक युवती के डूबने या जंगली जानवर के हमले का शिकार होने की आशंका के एंगल से मामले की जांच कर रही थी।

मुनि की रेती थाना पुलिस को शनिवार देर रात शिवपुरी में गंगा घाट से एक नव विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की सूचना मिली थी। थाना प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद के उसियाना निवासी हिमांशु पचौरी और नंदिनी घूमने के लिए शिवपुरी आए थे। दपंती गंगा किनारे कैंप में ठहरे थे। हिमांशु ने पुलिस को बताया कि रात करीब 11 बजे वह और उसकी पत्नी नंदिनी घूमने के लिए गंगा घाट पर निकले थे। नंदिनी ने उसे दुकान से फ्रूटी लाने के लिए कहा। इस दौरान वह, नंदिनी और उनकी बहन वीडियो कॉल के माध्यम से एक दूसरे से बात कर रहे थे।

वीडियो कॉल पर बात करते हुए अचानक आई चीखने की आवाज

अचानक उसने वीडियो कॉल के दौरान नंदिनी के चीखने की आवाज सुनी। बताया कि वह दौड़ते हुए गंगा घाट की ओर आया, लेकिन उनकी पत्नी नंदिनी कहीं नजर नहीं आई। घाट के पास एक पत्थर पर उनकी पत्नी का मोबाइल पत्थर और किनारे पर चप्पल पड़ी मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला के डूबने या जंगली जानवर के हमले की आशंका को केंद्र में रखते हुए पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। हालांकि मौके पर किसी जंगली जानवर के पैरों के निशान नहीं मिले थे। बताया कि एसडीआरएफ की टीम गंगा में युवती की तलाश कर रही थी। सोमवार को नंदिनी के जीजा ने पुलिस को सूचना दी की वह फिरोजाबाद स्थित अपने घर पर पहुंच गई है।

## नैनीसैनी की महिलाओं ने प्रदर्शन कर बार बंद करने की उठाई मांग

पिथौरागढ़। नैनीसैनी खांकर में बियर बार का लाईसेंस निरस्त करने को महिलाएं सडक़ पर उतर आई हैं। महिलाओं का कहना है कि क्षेत्र में बार खुलने से अराजकता का माहौल पैदा हो गया है। दिनभर शराब के नशे में लोग आवाजाही कर रहे हैं। इससे महिलाओं और स्कूली पढने वाली लड़कियों के लिए आवाजाही करना मुश्किल हो गया है। सोमवार को नैनीसैनी की महिलाएं और पुरुष नगर के टकाना स्थित कलक्ट्रेट पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। महिलाओं ने कहा कि बीते कुछ समय से खांकर क्षेत्र में बियर बार का संचालन किया जा रहा है। इससे आसपास रहने वाले ग्रामीणों को खासी दिक्कत उठानी पड़ रही है। बार खुलने से क्षेत्र में अराजकता बढने लगी है। इससे महिलाएं डरी हुई हैं। दिन में भी महिलाओं के लिए क्षेत्र में आवाजाही करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में कोई अनहोनी न हो,इसके लिए उक्त बार का बंद होना बेहद जरूरी है। बाद में आक्रोशित महिलाओं ने डीएम को भी ज्ञापन दिया। उन्होंने डीएम से बार का लाईसेंस बंद करने की मांग की है। यहां कौशल्या देवी, कलावती, कमला देवी, अंजू, हेमंती देवी, सावित्री देवी, निर्मला देवी, हेमा देवी, भावना देवी, अनीता देवी, मीना देवी, रेखा देवी, ज्योति देवी, गोविंद सिंह, नीरज सिंह, शुभम, नीरज महर, लक्ष्मन सिंह, पुष्कर सिंह, विक्रम सिंह, नवल सिंह, गौरव सिंह, संदीप आदि मौजूद रहे।

## बूथ अध्यक्ष व टीम के सदस्यों के पास स्मार्टफोन होना अनिवार्य

पिथौरागढ़। भाजपा कार्यालय में बूथ सशक्तीकरण अभियान को लेकर बैठक हुई। जिसमें पदाधिकारियों ने शक्ति केंद्रों के गठन, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख के चयन को लेकर रणनीति बनाई। सोमवार को भाजपा कार्यालय में बूथ सशक्तीकरण अभियान को लेकर जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें अभियान प्रभारी शिव सिंह बिष्ट ने अभियान के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि प्रत्येक बूथ में अध्यक्ष व 11 सदस्यीय टीम का गठन किया जाएगा। जिनके पास स्मार्टफोन होना अनिवार्य है।

## पिथौरागढ़ में नशे के खिलाफ महिलाओं ने उठाई आवाज

पिथौरागढ़। सीमांत में नशे के बढ़ते प्रचलन से आक्रोशित महिलाएं सडक़ पर उतरी। महिलाओं का कहना है कि स्कूली बच्चों से लेकर युवा तेजी से नशे के दललद में फंस रहे हैं। ऐसे युवाओं ने चैंसर को अराजकता का अड्डा बनाया हुआ है। युवाओं की बढ़ती अराजकता के कारण महिलाओं को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सोमवार को चैंसर की महिलाएं नगर के टकाना स्थित कलक्ट्रेट पहुंची। इस दौरान उन्होंने आक्रोश जताते हुए कहा कि जिला मुख्यालय से महज तीन किमी दूर पर बसे चैंसर में नशीली सामाग्री का खुलेआम सेवन किया जा रहा है। तस्कर गांव पहुंचकर युवाओं का सामाग्री उपलब्ध करा रहे हैं। स्थानीय युवाओं के साथ ही जिला मुख्यालय से भी कई युवा यहां पहुंचकर चरस, स्मैक की खरीद परोक्ष करते हैं और बाद में यहीं बैठकर नशीली सामाग्री का सेवन करते हैं। नशे के बाद कई युवा झुंड बनाकर स्थानीय महिलाओं और युवतियों से भी अभद्रता कर रहे हैं। बाद में महिलाओं ने एडीएम को ज्ञापन भी दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### 42 किलो प्रतिबंधित गोमांस संग युवक गिरफ्तार

काशीपुर। क्षेत्रीय गोवंश संरक्षण स्क्वायड ने कुंडा थाना क्षेत्र में छापा मारकर 42 किलो प्रतिबंधित गोमांस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत किया मुकदमा दर्ज किया है। सोमवार को क्षेत्रीय गोवंश संरक्षण स्क्वायड को मुखबिर ने सूचना दी कि हरियावाला के पास एक व्यक्ति प्रतिबंधित गो मांस बेचने जा रहा है। सूचना पर टीम कुंडा क्षेत्र के हरियावाला पहुंच गई। टीम ने ग्राम बसई मजरा के पास से एक व्यक्ति को दबोच लिया और उसके कब्जे से दो कपड़े की पोटली से 42 किलो प्रतिबंधित गो मांस बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मकबूल पुत्र अली मोहम्मद निवासी ग्राम गुलड़िया थाना आईटीआई बताया। टीम में एसआई प्रवीण कुमार, हेड ईश्वर दत्त शर्मा, कुलदीप आर्या, कुंदन खन्ना, दीप कुमार रहे।

### फर्जी आईडी बनाकर लोन लेने का आरोप लगाया

काशीपुर। एक महिला ने अन्य महिला पर बैंक में खाता खुलवाने को दिए कागजातों से फर्जी आईडी बनाकर लोन लेने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोमवार को पूजा गुप्ता ने कोतवाली में तहरीर दी। कहा उसने एक बैंक में खाता खुलवाने को अपने जरूरी कागजात दिए थे। आरोप लगाया बैंक से उसके कागजात लीक हुए हैं और उस कागजात के माध्यम से बलविंदर कौर नामक महिला ने फर्जी आईडी बनाकर निजी कंपनी से लोन लिया है। पुलिस ने तहरीर के बाद बलविंदर कौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रुद्रप्रयाग उद्योग नगर मंडल में होगा नई कार्यकारिणी का चुनाव

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग नगर में नगर उद्योग व्यापार मंडल का कार्यकाल खत्म हो गया है। इसलिए जिला उद्योग व्यापार मंडल नई कार्यकारिणी के चुनाव की तैयारियों में जुट गया है। 21 से 30 मार्च तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जबकि 15 अप्रैल से पहले चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अंकुर खन्ना ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 मार्च 2023 को नगर व्यापार मंडल रुद्रप्रयाग का कार्यकाल समाप्त हो गया है। व्यापार मंडल के नियमों के अनुसार तीन वर्ष के कार्यकाल के बाद चुना किया जाना है। उन्होंने बताया कि चुनाव से पहले सदस्यता अभियान चलाया जाएगा ताकि व्यापार मंडल द्वारा चुनी जाने वाली नई कार्यकारिणी में सभी व्यापारियों का योगदान हो। उन्होंने बताया कि 21 से 30 मार्च तक चलाए जाने वाले सदस्यता अभियान में प्रति व्यापारी के लिए 50 रुपया शुल्क तय किया गया है। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल से पहले नगर मंडल की नई कार्यकारिणी का चुनाव किया जाएगा।

### कांग्रेस ने महंगाई पर सरकार को घेरा

चमोली। जिला मुख्यालय गोपेश्वर में नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक नगर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह बिष्ट का अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय स्टेट बैंक एवं अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से आम जनता के धन का आहरण महंगाई, बेरोजगारी, अंकिता भंडारी हत्याकांड जैसे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा कर आक्रोश जताया। सरकार को महंगाई पर घेरा भी।

### बैंक के एसी की कॉपर पाइप काट ले गए चोर

ऋषिकेश। नगर क्षेत्र में चोरों को पुलिस का जरा भी खौफ नहीं है। अभी तक चोर बंद घरों और सुनसान इलाकों में घटनाओं को अंजाम देने में लगे थे, लेकिन अब शहर के मुख्य मार्ग पर पुलिस पिकेट से चंद कदमों की दूरी पर स्थित बैंक को भी नहीं बख्शा। अज्ञात चोरों ने बैंक के एसी की कॉपर की पाइप ही काट ली। प्रबंधक ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। जानकारी के मुताबिक अल्मोड़ा अर्बन बैंक की घाट चौक के नजदीक ऋषिकेश शाखा को चोरों ने निशाना बताया। उन्होंने बैंक के बाहर लगी एसी के दो कमप्रेशर की कॉपर की पाइप काट ली। सुबह बैंक कर्मी पहुंचे, तो इसका पता चला। तत्काल पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने मौके का मुआयना किया। प्रबंधक हरि दत्त भट्ट ने बताया कि पुलिस को इस बाबत लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं, बैंक शाखा के पास ही फोटोग्राफी लैब चलाने वाले संचालक ने बताया कि कुछ वक्त पहले इसी तरह की चोरी उनके यहां भी हुई थी, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। अब इस घटना के बाद उन्होंने पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को मुकम्मल रखने के लिए प्रभावी गश्त और चोरों की धरपकड़ की मांग भी की है। त्रिवेणीघाट चौकी प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि चोरों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### बारिश ने खोली शहर की सफाई व्यवस्था की पोल

ऋषिकेश। नगर निगम प्रशासन के शहर के नाले और नालियों की नियमित सफाई के दावों की बारिश ने पोल खोलकर रख दी है। जगह-जगह कूड़े कचरे से अटी नालियों के चोक होने से दूषित पानी के साथ गंदगी सडक़ों पर बह रही है। इससे सडक़ों से गुजरने वाले लोगों को मुश्किलें झेलनी पड़ रही है। बारिश में गंदगी से नाली और नालों के चोक होने से जल भराव की समस्या नहीं हो, इसके लिए नगर निगम प्रशासन नाला गैंग बनाता है। यह सक्रिय रहकर नाले-नालियों की सफाई करता है। बीते दिनों हुई बारिश ने नालियों की सफाई की पोल खोल दी है। दून रोड से संयुक्त यात्रा बस अड्डा को जोडने वाले मार्ग के किनारे बने नाले के चोक होने से गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सडक़ पर बह रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दो दिन से यही हाल है। नगर निगम को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। हरिद्वार रोड पर पुरानी चुंगी, हीरालाल मार्ग पर आशुतोषनगर, देहरादून रोड पर कई जगह नालियों के चोक होने से गंदा पानी सडक़ पर बह रहा है। साथ ही बारिश के पानी के साथ आयी गंदगी जहां-तहां फैली पड़ी है। इससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### पिता की फर्जी वसीयत बनाकर तालाब की भूमि बेचने का आरोप

काशीपुर। एक युवक ने चार लोगों पर पिता की फर्जी वसीयत बनाकर भूमि को विक्रय कर और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बीते दिनों ग्राम रायपुर निवासी दलवीर सिंह पुत्र स्व. सोहन सिंह ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने कहा कि उसके पिता का ग्राम ढकिया गुलाबो में शार्दुल सिंह और अन्य के साथ तालाब दर्ज है। कहा गुरजिंदर सिंह पुत्र स्व. पूरन सिंह, बलजिंदर कौर पत्नी निर्मल सिंह, निर्मल सिंह पुत्र दलीप सिंह और संत गुरु उपदेश देव पुत्र संतोख सिंह निवासी रायपुर खुर्द ने उसके पिता की वसीयत कुटरचित तरीके से अपने नाम कर तालाब का बैनामा कर दिया। साथ ही कानूनी कार्रवाई करने पर उसे परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने कहा उक्त तालाब में दर्ज भूमि को आरोपियों ने मिट्टी भरान कर कूचरचित कागज के आधार पर विक्रय भी कर दिया। कहा जब उसने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगी तो पता चला जिले के रिकॉर्ड रूम में वसीयत का रिकॉर्ड नहीं है। बताया कि उसके पिता ने कोई भी तालाब की भूमि की वसीयत नहीं की है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 506 मे मुकदमा दर्ज कर लिया है।